हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 330, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 24 मई, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## भारत में क्षमता और संसाधनों की कमी नहीं : प्रधानमंत्री मोदी

### ऑस्ट्रेलिया में बोले पीएम- भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी, क्रिकेट और मास्टरशेफ हमें जोड़ते हैं



सिडनी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 'ऑस्ट्रेलिया के लोग इतने विशाल दिल वाले हैं। इतने सच्चे और अच्छे हैं कि भारत की इस विविधता को खुले दिल से स्वीकारते हैं। यही वजह है कि परमाता शहर में परमात्मा चौक बन जाता है। विग्रम स्ट्रीट भी विक्रम स्ट्रीट के तौर पर मशहूर हो जाती है और हैरिस पार्क क लोगों के लिए हरीश पार्क हो जाता है। हैरिस पार्क में जयपुर स्वीट्स की जलेबी, चाट, इसका तो कोई जवाब नहीं है। आप लोग मेरे मित्र अल्बानीज को भी कभी वहां ले जाइएगा। जब खाने की बात चली है, तो लखनऊ का नाम आना भी स्वाभाविक ही है। मैंने सुना है कि सिडनी में लखनऊ नाम की जगह है। मुझे पता नहीं वहां चाट मिलती है या नहीं। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय नामों वाली कितनी ही गलियां आपको भारत से जोड़ती हैं। मुझे बताया गया कि अब तो ग्रेटर सिडनी में इंडिया परेड शुरू होने जा रही है।'

**'क्रिकेट और मास्टर शेफ हमें जोड़ते हैं'**- 'हमारे क्रिकेट के रिश्तों को भी 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। क्रिकेट के मैदान पर हमारा मुकाबला जितना कड़ा होता है, उतनी ही गहरी हमारी दोस्ती है। इस बार तो ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर भी भारत में आईपीएल खेलने आई हैं। ऐसा नहीं है कि हम सिर्फ सुख के ही साथी हैं। अच्छा दोस्त सुख का तो साथी होता है, दुख का भी साथी होता है। पिछले साल जब महान शेन वॉर्न का निधन हुआ तो ऑस्ट्रेलिया के साथ कोटि-कोटि भारतीयों ने भी शोक मनाया। यह ऐसा था जैसे हमने अपना कोई खो दिया है। साथियों आप सभी यहां ऑस्ट्रेलिया में हैं। यहां विकास को देख रहे हैं। आप सभी का एक सपना रहा है कि हमारा भारत भी विकसित राष्ट्र बने। यह हमारे सभी साथियों का भी सपना है। भारत के पास सामर्थ्य की कमी नहीं है। संसाधनों की कमी भी नहीं है। आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट फैक्ट्री, जिस देश में है, वह है भारत।'

**ब्रिस्बेन में खोला जाएगा भारत का कॉन्सुलेट**- पीएम मोदी ने कहा कि 'पहले ऑस्ट्रेलिया के संबंध कॉमनवेल्थ, क्रिकेट और करी से डिफाइन किए जाते थे। इसके बाद हमारे संबंध डेमोक्रेसी, डायस्पोरा और दोस्ती से डिफाइन किए गए और अब हमारे संबंध एनर्जी, इकॉनोमी और एजुकेशन से डिफाइन किए जाते हैं लेकिन हमारे संबंध इससे कहीं ज्यादा हैं। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिस्बेन में भारत का नया कॉन्सुलेट खोला जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि इसकी मांग काफी समय से की जा रही थी, जिसके बाद यह फैसला किया गया है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में क्षमताओं या संसाधनों की कोई कमी नहीं है। आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट फैक्ट्री है। आईएमएफ भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को सबसे अहम मानता है। भारत का बैंकिंग सिस्टम भी मजबूत है। भारत ने बीते साल रिकॉर्ड निर्यात किया और हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड स्तर पर है। भारत में फिनटेक क्षेत्र में क्रांति आई हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत की सबसे बड़ी ताकत यहां रहने वाले भारतीय हैं।

## बृजभूषण के बिगड़े बोल, खुद को राम व महिला पहलवानों को बताया मंथरा



गोंडा। महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह एक बार फिर बड़बोलेपन पर उतर आए हैं। अपने संसदीय क्षेत्र के धनईगंज बंधे पर एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम से अपनी तुलना कर डाली। बृजभूषण ने तैश में आकर धरना दे रहीं महिला पहलवानों को मंथरा बता दिया। उन्होंने कहा कहा, 'मंथरा ने राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेज दिया था, लेकिन यदि राम वन नहीं जाते तो वह कभी केवट से न मिलते, शबरी के जूठे बेर न खाते। हनुमान और सुग्रीव से मित्रता न होती और रावण जैसे महापापी का अंत कैसे होता।' सांसद ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि ईश्वर ने मेरे लिए अभी कुछ और काम कार्य निर्धारित कर रखा है। उन्होंने कहा कि वह सब कुछ हो सकते हैं लेकिन जो आरोप लगा है वह नहीं हो सकते। इस तरह की बातों से लोग अवाक रहे। बृजभूषण के भाषण को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा है।'

## साल के सबसे बड़े नक्सली हमले की तैयारी !: छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 10 गिरफ्तार, ट्रैक्टर भरा विस्फोटक मिला




बीजापुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर जवानों ने 10 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ट्रैक्टर भरकर विस्फोटक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक भरकर बड़े माओवादी लीडरों के पास ले जाया जा रहा था। यह भी सामने आया है कि इस विस्फोटक का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ या फिर तेलंगाना में हमले के लिए होना था। यह इस साल के सबसे बड़े नक्सली हमले की तैयारी थी। पकड़े गए नक्सलियों में पांच बीजापुर के रहने वाले हैं। बॉर्डर इलाके में कार्रवाई तेलंगाना के भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने की है।

**दुमुगुडेम मंडल में सर्चिंग अभियान चलाकर पकड़ा**- तेलंगाना पुलिस की ओर से बताया गया कि, सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन के सदस्य भारी मात्रा में विस्फोटक लेकर मुलाकानापल्ली और दुमुगुडेम मंडल के एक ठिकाने पर मौजूद हैं। इसके आधार पर भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने दुमुगुडेम पुलिस और उप्फ्छ्ऋ की 141वीं बटालियन के जवानों की एक टीम बनाई। इसके बाद जवानों ने इलाके के गांवों और उससे लगे जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया। इसमें गांव के ही नजदीक 10 संदिग्धों को पकड़ लिया गया। उनकी निशानदेही पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।

**500 डेटोनेटर, 90 बंडल कार्डेक्स वायर बरामद**- पुलिस ने बताया कि बरामद सामान में एक ट्रैक्टर, एक बोलेरो वाहन समेत दो बाइक शामिल है। इन वाहनों की तलाशी लेने पर एक ट्रैक्टर भरकर विस्फोटक मिला है। इसमें करीब 90 बंडल कार्डेक्स वायर, 500 डेटोनेटर समेत अन्य विस्फोटक सामान बरामद हुआ। जिसके बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला की इनमें से पांच आरोपी नक्सली तेलंगाना और पांच छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ इलाके के रहने वाले हैं। सभी आरोपी पिछले कई सालों से माओवादी संगठन के लिए काम कर रहे थे।

**पूछताछ में और भी हुए खुलासे**- गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि ये सारा बारूद बड़े माओवादी लीडरों ने मंगवाया था। उन्हीं के पास लेकर जा रहे थे। इसका उपयोग किसी हमले के लिए किया जाना था। भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने बताया कि, इन सभी से पूछताछ में कई खुलासे भी हुए हैं। इनके पास से बरामद किए गए बारूद की कीमत लाखों में है। हालांकि, माओवादी ये विस्फोटक सामान कहां से लेकर आ रहे थे पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया है। असफरों ने कहा कि, जल्द ही माओवादियों के इस सप्लाई चेन को भी तोड़ा जाएगा।

## 2000 के नोट बदलने के पहले दिन बैंकों में दिखीं छोटी कतारें, अधिकारी बोले- सब सामान्य



नई दिल्ली। 2,000 रुपये के नोटों को छोटे मूल्यवर्ग में बदलने की कवायद के पहले दिन मंगलवार को कुछ बैंक शाखाओं में छोटी कतारें देखी गईं। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी गाइडलाइन के मुताबिक आज यानी मंगलवार से 2,000 रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा दी जा रही है। एक व्यक्ति बिना कोई फॉर्म भरे या मांग पर्ची के एक बार में 20,000 रुपये यानी दो हजार के दस नोटों की बदली कर सकता है। नोट बदलने वाले व्यक्ति को अपने पहचान का प्रमाण भी प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। मंगलवार को बैंक शाखाएं खुलने पर नोटों को बदलने के लिए काउंटरों पर कोई खास भीड़ नहीं देखी गई। मेट्रो शहरों में निजी क्षेत्र के बैंकों के आउटलेट्स में शुरूआती घंटों में सामान्य रूप से कामकाज होता दिखा। सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अभी तक दो हजार के नोट बदलने वाले लोगों की ज्यादा भीड़ नहीं देखी गई है क्योंकि इसके लिए चार महीने का समय है। बैंक शाखाओं में सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। नोटबंदी के समय की तुलना में बदले जाने वाले नोटों की मात्रा भी कम है। बता दें कि 8 नवंबर 2016 देश में चलन में मौजूद 86 प्रतिशत नोटों को अमान्य करार कर दिया था। जबकि इस बार 2,000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे सिर्फ उन्हें चलन से बाहर किया जाना है। बैंक अधिकारी ने कहा कि जहां तक खातों में जमा राशि का सवाल है, यह सामान्य रूप से हो रहा है और अब तक ज्यादा भीड़ नहीं दिखी है। जमाराशियां मौजूदा दिशा-निदेर्शों के अनुसार स्वीकार की जा रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते शुक्रवार को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा की है। लोगों को 30 सितंबर तक ऐसे नोटों को खातों में जमा करने या बैंकों में बदलने का समय दिया गया है। नवंबर 2016 में 500 और 1,000 रुपये के पुराने नोटों को रातोंरात अमान्य कर दिया गया था। हालांकि इस बार 2000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि बैंक खातों में नकदी बदलने और जमा करने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध है, इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

## आईएएस का रिजल्ट जारी इशिता किशोर बनी टॉपर, टॉप सिक्स तक लड़कियां का ही दबदबा

प्रखर एजेन्सी। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने सिविल सेवा 2022 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल रहे उम्मीदवार अपना रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर देख सकते हैं। परीक्षा में इशिता किशोर ने AIR1 रैंक हासिल की है। उसके बाद गरिमा लोहिया, उमा हरथी एन और स्मृति मिश्रा रहीं। इस बार लड़कियों ने परीक्षा में दबदबा कायम किया है। यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा के फाइनल रिजल्ट में कुल 933 उम्मीदवार नियुक्ति के लिए चयनित किए गए हैं। इनमें से 345 कैंडिडेट्स अनारक्षित, 99 ईडब्ल्यूएस, ओबीसी से 263 एससी से 154 तथा एसटी कैटेगरी से 72 उम्मीदवार शामिल किए हैं। आईएएस के पद पर चयन के लिए 180 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जबकि 178 उम्मीदवारों की रिजर्व सूची भी तैयार की गई है।


टॉप टेन में -

1.इशिता किशोर
2.गरिमा लोहिया



3.उमा हरति एन
4.स्मृति मिश्रा
5.मयूर हजारिका
6.गहना नव्या जेम्स
7.वसीम अहमद भट
8.अनिरूद्ध यादव
9.कनिका गोयल
10.राहुल श्रीवास्तव

## निगमों के मेयर से मिले सीएम, बोले- अपने नगर निगमों के लिए 'कुछ अच्छा' और 'कुछ नया' करें



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव निर्वाचित सात महापौर से मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी महापौरों को जीत की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पीएम मोदी के विजन 'आत्मनिर्भर भारत' की तर्ज पर अपने-अपने नगर निगमों को भी आत्मनिर्भर बनाने का सुझाव दिया। सीएम योगी ने नगर निगमों की आय बढ़ाने से लेकर क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समर्थन के साथ सभी मेयरों को नगर निगमों की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। नवनिर्वाचित उपस्थित महापौर ने जीत का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया। सीएम ने कहा कि विकास ही सफलता का माध्यम है। विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है। विकास के जरिये आप परिवर्तन लाइये। आप सभी कार्यों में मानक और गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें। सीएम ने कहा कि प्राथमिकता बनाकर कार्य करें, जिससे हर वार्ड का समुचित विकास होगा। सीएम ने सीएसआर के पैसे से जनता से जुड़े कई बेहतर कार्य करने के भी निर्देश दिए।

**नया करने का दिया सुझाव**- सीएम योगी ने उपस्थित सभी महापौर को 'कुछ अच्छा' और 'कुछ नया' करने का सुझाव दिया। सीएम ने क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण के प्रति सक्रिय और सजग रहने को भी कहा। उन्होंने अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य को प्राथमिकता पर रखने के साथ ही कूड़ा प्रबंधन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, स्ट्रीट लाइट को भी तरजीह देने को कहा। इसके अलावा नगरीय इलाकों में आवारा कुत्तों की समस्याओं के निराकरण व गोवंश को भी प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। सेफ सिटी के लिए मुख्यमंत्री ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी 17 नगर निगम को 'स्मार्ट' बनाने पर विशेष जोर है। सीएम ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में शौचालय की सफाई व मेंटिनेंस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आम आदमी के लिए कन्वेंशन सेंटर बनवाने का भी निर्देश दिया।

## बस कुछ ही महीने बाद होंगे रामलला के दर्शन निर्माण समिति के चेयरमैन ने दिया बयान

लखनऊ। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का पहला चरण इस साल 30 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव रह चुके मिश्रा ने कहा कि मंदिर का निर्माण तीन चरणों में हो रहा है और श्रद्धालु पहले चरण का काम पूरा होने के बाद मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भूतल पर अन्य कार्यों के अलावा पहले चरण में पांच मंडप का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि राम मंदिर के पहले चरण का काम 30 दिसंबर तक पूरा हो जाना चाहिए। पांच मंडपों के निर्माण में करीब 160 खंभे लगे हैं। उन्होंने कहा कि उनमें आइकॉनोग्राफी (विजुअल इमेज और सिंबल) का काम पूरा किया जाए। पहले चरण में मंदिर के निचले चबूतरे पर भगवान राम का संक्षिप्त वर्णन शुरू होगा और बिजली व अन्य सुविधाएं पूरी की जाएंगी। ये सभी काम 30 दिसंबर तक पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि परकोटा (बाहरी परिधि) सहित मंदिर की पहली और दूसरी मंजिल का काम अगले साल 30 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिर मूर्ति की स्थापना की जाएगी और इस साल के अंत तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। संपूर्ण मंदिर कब तक बन कर तैयार होगा, के सवाल पर मिश्रा ने कहा कि मंदिर दिसंबर 2025 तक तैयार हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि चेयरमैन होने के नाते उनकी कोशिश है कि 30 दिसंबर 2023 तक भक्त अपने प्रभु के दर्शन कर सकें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एलान किया था कि राम मंदिर भक्तों के लिए अगले साल एक दिसंबर को खोल दिया जाएगा। मंदिर निर्माण पर आने वाली लागत पर उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर 1400 करोड़ से लेकर 1800 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। भूतल के निर्माण में न्यूनतम 300 करोड़ खर्च होंगे।

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बोले, चार दशक बाद जम्मू कश्मीर और बॉलीवुड के रिश्तों को मिली मजबूती...



श्रीनगर। जी-20 सम्मेलन का आज दूसरा दिन है। इस दैरान जी-20 पर्यटन कार्यसमूह सम्मेलन में संबोधित करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा जम्मू कश्मीर में खुशहाली रोजगार विकास और नयी संभावनाओं के एक दौर की शुरूआत हुई है। जम्मू कश्मीर में विशेषकर कश्मीर घाटी में शांति और विकास का जो वातावरण बहाल हुआ है उसकी एक झलक यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ने में रिकॉर्ड पेश करती है। उन्होंने कहा, "मुझे वास्तव में खुशी है कि भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत जी20 पर्यटन कार्य समूह पांच परस्पर जुड़े प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक उपकरण के रूप में पर्यटन के लिए एक रोडमैप प्रदान करेगा"। उन्होंने कहा कि जी-20 पर्यटन कार्यसमूह आज यहां वैश्विक और टिकाऊ पर्यटन पर विचार विमर्श कर रहा है, इस सम्मेलन का कश्मीर में आयोजन जम्मू कश्मीर की 1.30 करोड़ की आबादी के लिए गौरव की बात है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, "लगभग चार दशक के बाद एक बार फिर से जम्मू कश्मीर और बॉलीवुड के रिश्ते को फिर से बहाल किया गया है। हमने साल 2021 में फिल्म नीति बनाई ताकि यहां फिल्म क्षेत्र से संबधित निवेश को ज्यादा से ज्यादा आकर्षित करने के साथ ही जम्मू कश्मीर को दुनिया का सबसे लोकप्रिय फिल्म शूटिंग स्थल बना है।

**पर्यटन को बढ़ावा देने की कोशिश में केंद्र सरकार**- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हमने हरित पर्यटन, लघु व मध्यम उमियों, युवाओं और महिला उद्यमियों और स्थानीय समुदायों की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए एक टिकाऊ पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए काम शुरू किया है। हम ने हरि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 300 नए पर्यटन स्थलों को विकास के लिए चिह्नित किया है। पर्यटन क्षेत्र को जम्मू कश्मीर में में एक उद्योग का दर्जा दिया गया है और इसे भी जम्मू कश्मीर की औद्योगिक नीति के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहण दिया जा रहा है। उपराज्यपाल ने कहा कि मैं यह बात दावे के साथ कह सकता हूं कि जम्मू कश्मीर को हास्पिटैलिटी क्षेत्र में बहुत बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव आ रहे हैं।

**जम्मू कश्मीर में ऐसे पक्षपात हुआ खत्म**- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आज विकास के विभिन्न मापदंडों के आधार पर जम्मू कश्मीर भारत के विकसित क्षेत्रों की कतार में आगे नजर आता है। हम आमजन को सामाजिक और आर्थिक रूप से खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जम्मू कश्मीर में आए सुखद बदलावों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यहां बीते 70 साल से जो हालात रहें , जिनमें विदेशी ताकतों का भी हाथ रहा है, उसमें एक पनपी सामाजिक शोषण और अन्याय एवं पक्षपात की व्यवस्था को पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाप्त कर दिया है।

## परिवार को बंधक बनाकर लाखों की डकैती नकाबपोश बदमाशों ने विरोध करने पर पीटा

शामली। शामली जिले में डकैतों ने कहर बरपाया। परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट की और विरोध करने परिवारवालों को मारापीटा भी गया। थानाभवन क्षेत्र के गांव नोजली निवासी पाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश अपने घर में पत्नी रामकली, लड़का विनोद, सोनू, अंकुर व पुत्रवधू पुष्पा, सीमा, रूपा आदि के साथ रहता है। पाल सिंह का परिवार छह बीघा जमीन व मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। बीती रात परिवार के विनोद उसकी पत्नी पुष्पा व मां रामकली आंगन में सोए थे। जबकि परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। रात्रि करीब एक बजे आठ नकाबपोश बदमाश घर की दीवार लांघकर अंदर पहुंचे और आंगन में सो रहे तीनों को उठा लिया। बदमाशों ने सबसे पहले कहा कि उन्हें बहुत भूख लगी है। जब रामकली उसके बेटे बहू खाना बनाने के लिए रसोई में पहुंचे तो बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद बंदूक के बल पर अन्य कमरों के दरवाजे खुलवा कर परिवार को भी बंधक बनाया।

बंधक बनाते वक्त छोटे बेटे अंकुर व उसकी पत्नी रूपा ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। परिवार को बंधक बनाकर बदमाश घर में रखे करीब चार लाख रुपये के आभूषण व 50 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। रात करीब तीन बजे परिवार के लोग जैसे तैसे बंधन से मुक्त हुए। इसके बाद उन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना फैलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। 112 के साथ पूरी फोर्स व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। इसके अलावा डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। उधर घटना के बाद पाल सिंह का पूरा परिवार भय के साए में है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

## संपादकीय

# गंगा को स्वच्छ बनाने का अभियान अधर में

नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों के बावजूद यह अभियान अब तक कहां तक पहुंचा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी गंगा जैसी अहम नदी को स्वच्छ बनाने की कोई नई पहल करनी पड़ रही है। हालत यह है कि अलग-अलग मौके पर लागू दिशानिर्देशों के बावजूद कम से कम मलबा डालने पर भी रोक नहीं लगाई जा सकी है। अब एक बार फिर केंद्र सरकार ने गंगा नदी के किनारे मलबा डाले जाने या गावों का गंदा पानी नदी में गिराने से प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर संज्ञान लिया है। इसके तहत सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नालों को चिह्नित करके इनकी जियो टैगिंग करेगी। सरकार इनसे ठोस कचरा प्रवाहित होने से रोकने के लिए एक उपकरण एरेस्टर स्क्रीन लगाएगी। यह गंगा नदी में अलग-अलग वजहों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के अलावा किया जा रहा उपाय है। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव-सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। हालांकि यह अपने आप में एक सवाल होना चाहिए गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए दशकों से लागू गंगा कार्ययोजना या नमामि गंगे जैसे महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम और अन्य नीतियों के बावजूद आज भी इतनी बड़ी तादाद में ठोस कचरा या अन्य तरह की गंदगी बहाने वाले नालों पर कैसे रोक नहीं लग सकी। गौरतलब है कि गंगा नदी पर अधिकार संपन्न कार्यबल यानी ईटीएफ की पिछले महीने हुई ग्यारहवीं बैठक में यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण इसके मलबे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। इससे नदी के जल में ठोस कचरा का स्तर बढ़ गया। इससे जलमल शोधन संयंत्रों में गंदे पानी का शोधन करने में समस्याएं आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि करीब साढ़े तीन दशक से गंगा कार्ययोजना सहित अन्य तमाम कार्यक्रमों जैसे अभियानों के बीच क्या गंगा को प्रदूषित करने वाला यह कोई नया कारक खोजा गया है? अगर नहीं, तो इस समस्या को चिह्नित करने में इतना लंबा वक्त कैसे लग गया? यह समझना मुश्किल नहीं है कि समस्या शायद योजनाओं या कार्यक्रमों नहीं होगी, उनके अमल में बरती गई लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्त्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य हो जा सकता है। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। लगभग तीन साल पहले यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिरने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि इसके एक साल बाद चौबीस सौ से ज्यादा नाले चिह्नित किए गए हैं, जिनकी गंदगी और कचरे से गंगा का जीवन धीरे-धीरे छीज रहा है। यह स्थिति बताती है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है। नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को भी दशार्ती है। अन्यथा क्या कारण है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने के क्रम में सबसे ज्यादा जोर गंगा को स्वच्छ बनाने पर ही दिया गया, मगर इसका हासिल आज भी संतोषजनक नहीं है!

# है मिलन का काल!



जगह जगह घूम रहे ।
है यह मिलन काल ।।
बन जाए कुछ काम ।
कर जाएं कमाल ।।
हाथ पांव मार रहे ।
भला होने वाला ।।
थोड़ी थोड़ी रौशनी ही ।
ले आती उजाला ।।
सुंदर सुंदर अक्षरों में ।
लिख लो अब तो नाम ।।
कोशिश होगी आगे भी ।
पड़ा जो तमाम ।।
प्राप्त हो रहा धीरे धीरे ।
शायद कुछ तो फल ।।
है करके अब रहना ।
उज्ज्वल सबका कल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# समूह सात सम्मेलन का हासिल

इस तरह के सम्मेलन अपने सामूहिक उद्देश्यों को धरातल पर क्रियान्वित करने में सदा विफल रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि समूह सात के सदस्य देश एकत्र तो सामूहिक संकल्पों को पूरा करने के लिए होते हैं, पर सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुखों की व्यक्तिगत रुचि अपने-अपने हित साधने में ही होती है। समूह सात देशों का उनचासवां सम्मेलन जापान के हिरोशिमा शहर में संपन्न हो गया। इसके साथ ही अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया और जापान के क्वाड समूह ने भी अपना सम्मेलन हिरोशिमा में ही संपन्न कर लिया। क्वाड समूह की बैठक पहले आस्ट्रलिया में प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घरेलू ऋण संकट के कारण क्वाड बैठक में सम्मिलित होने में असमर्थता प्रकट की थी।

जी-7 ने सम्मेलन में जिन संकल्पों को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रस्ताव पारित किया, उनमें रूस द्वारा यूक्रेन पर थोपे गए अवैध युद्ध का विरोध करना, हर संभव तरीक से यूक्रेन का समर्थन करना, सार्वभौम सुरक्षा हेतु नाभिकीय शस्त्रों से मुक्त एक विश्व का अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निरस्त्रीकरण और परमाणु अप्रसार का प्रयास करना प्रमुख थे।

इसके साथ ही आर्थिक उदारता और सुरक्षा के लिए समूह के विचारगत प्रस्ताव का समन्वय करना, समूह के सदस्य और बाहरी देशों के सहयोग द्वारा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना, अनुकूल वैश्विक खाद्य सुरक्षा हेतु भागीदार देशों के साथ मिलकर कार्य योजना शुरू करना भी है। वैश्विक अवसंरचनात्मक निवेश के लिए साझीदारी से गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए छह सौ अरब डालर एकत्र करने का लक्ष्य प्राप्त करना भी प्रमुख हैं। इस सामूहिक प्रस्ताव में एक सशक्त और अनुकूल वैश्विक आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और जीविकाओं तथा सतत विकास का संवर्द्धन करने के लिए साथ कार्य करने, गरीबी कम करने तथा जलवायु और प्रकृतिगत संकट का समाधान निकालने का लक्ष्य है। सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाने, बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को विकसित करने, अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझीदारी बढ़ाने तथा बहुपक्षीय मंचों पर अधिक से अधिक अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का समर्थन करने, अपने ऊर्जा क्षेत्र के अकार्बनीकरण में तेजी लाने और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने पर बल है। प्लास्टिक जनित प्रदूषण को समाप्त करने तथा महासागरों की रक्षा करते हुए पृथ्वी को सुरक्षित बनाने, वन, प्रकृति और जलवायु हेतु न्यू कंट्री पैकेजेज के माध्यम से सहयोग को अधिक करने पर जोर दिया गया है। इतना ही नहीं, जी-7 ने दुनिया की हर प्रमुख समस्या को अपनी भावी कार्ययोजना का हिस्सा बनाया गया है। इसमें, विश्वभर में टीका निर्माण क्षमता के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने, एक महामारी कोष बनाने, महामारी रोकथाम के लिए भावी अंतरराष्ट्रीय अनुबंध करने, सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुरक्षा (यूएचसी) का लक्ष्य प्राप्त करने की तैयारी करने, अंतरराष्ट्रीय प्रवासन पर सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। इसके अलावा मानव तस्करी के विरुद्ध प्रयासों को सुदृढ़ करने, समावेशी कृत्रिम मेधा (एआइ) शासन स्थापित करने, परिचित लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुसार एआइ की विश्वसनीयता के संबंध में अपने सामान्य दृष्टिकोण और लक्ष्य की प्राप्ति करने, इस संबंध में पारस्परिक परिचालन के संदर्भ में उन्नत अंतरराष्ट्रीय संवाद स्थापित करने पर जोर है।



दुनिया में कहीं भी बल या शक्तिपूर्वक क्षेत्रों की स्थिति बदलने और उस पर एकपक्षीय अधिकार के प्रयास करने तथा क्षेत्र पर अधिग्रहण करने का निषध करने, सार्वभौमिक मानवाधिकारों, लैंगिक समानता और मानव गरिमा को बढ़ावा देने, शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय सहयोग सहित बहुपक्षवाद के महत्त्व को दोहराने, नियम आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकास के साथ तालमेल रखने जैसे संकल्प भी लिए गए हैं। जी-7 के अनुरूप, अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ एक ऐसी दुनिया बनाने का प्रयास होगा, जो मानव-केंद्रित, समावेशी और अनुकूल हो, जिसमें कोई भी पीछे न छूटे।


भारत की ओर से प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में अपनी दस सूत्रीय कार्य योजना रखी, जिसके तहत एक समावेशी खाद्य प्रणाली तैयार कर दुनिया के सर्वाधिक अधिकारहीन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस दस सूत्रीय कार्ययोजना में खाद्यान्न की बबार्दी कम करने, वैश्विक उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला का अराजनीतिकरण, मोटे अनाज, समग्र स्वास्थ्य सुविधा का संवर्द्धन करने, डिजिटल स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने तथा विकासशील देशों की जरूरतों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय विकास माडल तैयार करने जैसे बिंदु हैं। पहले के शिखर सम्मेलनों की तरह जी-7 का यह सम्मेलन भी औपचारिकताओं में दब गया। वास्तव में, इस तरह के सम्मेलन अपने सामूहिक उद्देश्यों को धरातल पर क्रियान्वित करने में सदा विफल रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि समूह सात के सदस्य देश एकत्र तो सामूहिक संकल्पों को पूरा करने के लिए होते हैं, पर सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुखों की व्यक्तिगत रुचि अपने-अपने हित साधने में ही होती है। फिर सार्वदेशिक, सार्वभौमिक समस्याओं के लिए जो भी देश दोषी हैं, उनसे समूह के सदस्य देशों के द्विपक्षीय व्यावसायिक, आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक संबंध भी होते हैं। इसलिए कभी भी समूह के देश सामूहिक रूप में समस्याओं के लिए दोषी देशों के विरुद्ध कठोर अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई नहीं कर पाते हैं। यों ही समय व्यतीत होता रहता है और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समस्याएं विसंगत से विसंगततर होती जाती हैं।

जी-7 में सम्मिलित अमेरिका, जापान, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूनाइटेड किंग्डम (इंग्लैंड) किसी न किसी रूप में चीन और रूस से दुष्प्रभावित हैं और इसीलिए इनके जी-7 के सामूहिक प्रस्तावों में हर वर्ष चीन और रूस के विरुद्ध प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप में कोई न कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव भी होता ही है। इनके विपरीत विकासशील देश तटस्थ होते हैं, जो दुनिया के उसी देश के समर्थन में खड़े होते हैं, जिनसे उन्हें आर्थिक या अन्य प्रकार की सहायता मिलती है।

ऐसे ही सहायकों के रूप में चीन और रूस भी सामने आते हैं। इन परिस्थितियों में भारत और आस्ट्रेलिया जैसे देश, जो विकसित होने से कुछ कदम दूर हैं, वे कई गुटों और समूहों में विभाजित देशों के लिए बड़े समर्थक या विरोधी सिद्ध हो सकते हैं। इसीलिए जी-7 हो, क्वाड या जी-20, पिछले साढ़े नौ वर्षों से भारत की भूमिका हर जगह महत्त्वपूर्ण हो चुकी है। इसमें भारत की प्रगति की बड़ी भूमिका है। यह विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध प्रारंभ होने से लेकर अब तक सऊदी अरब को पीछे छोड़ कर बड़े परिष्कृत पेट्रोलियम तेल का निर्यातक बन चुका है। घरेलू अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने, राजकीय भ्रष्टाचार का अंत करने और विश्व में मानवता के आधार पर एक स्थिर, पारदर्शी, वैध और बहुसमावेशी अर्थव्यवस्था बनने की ओर निरंतर बढ़ते भारत के प्रभाव का भला कौन-सा देश अपने हित में उपयोग नहीं करना चाहता।

# दिखावे का रोग

कई साल पहले एक बड़े भारतीय उद्योगपति को एक शहर में आना था। लोगों को संशय था कि इतने बड़े आदमी के स्वागत-सत्कार में कहीं कोई कमी न रह जाए। इसलिए हवाईअड्डे पर अगवानी की पूरी तैयारियां जोर-शोर से की गई थीं। लेकिन जब उद्योगपति आए तो उनके कंधे पर एक मामूली-सा थैला टंगा था और साथ कोई भी नहीं था। स्वागत करने वालों में उन्हें कोई पहचान नहीं सका।



कुछ देर इंतजार करने के बाद वे टैक्सी में बैठकर उसी स्थान पर चले गए, जहां उन्हें पहुंचना था। यह देखकर सब हैरान रह गए। ऐसे ही देश के दूसरे बड़े उद्योगपति के बारे में कहा जाता है कि वे बहुत सादगी पसंद हैं। शाकाहारी हैं। सड़क किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थ पसंद करते हैं। चाहे जितने व्यस्त हों, हफ्ते में एक दिन परिवार के साथ बिताते हैं। उन्हें सजने-संवरने और ब्रांडेड कपड़े पहनने का कोई शौक नहीं है। बहुत विनम्र हैं। इसी प्रकार की बातें अक्सर हम दुनिया भर के कई अमीरों और ताकतवरों के बारे में सुनते हैं कि कैसे महंगी कारों का काफिला होते हुए भी वे साइकिल पर या पैदल चलते हैं। उन्हें ब्रांड के मुकाबले पटरी बाजार से चीजें खरीदना पसंद है। अपने बगीचे की घास वे खुद काटते हैं। पौधों में पानी देते हैं। बाजार से समान खरीकर खुद लाते हैं। समाज सेवा के कार्यों में वे बहुत दिलचस्पी लेते हैं और अपनी आय का बड़ा हिस्सा इस पर खर्च करते हैं। उन्हें अध्यात्म भी बहुत लुभाता है।

सवाल है कि अब क्या सचमुच हमारे समाज में सादगी के मूल्य बचे हैं? आम आदमी का हाल क्या है? ब्रांड वाली चीजें मजबूत और देखने में अच्छी होती होंगी, लेकिन दशकों से तमाम व्यापारिक हितों के जरिए इन्हें हमारी आर्थिक स्थिति और समाजिक हैसियत से इस तरह से जोड़ दिया गया है कि अगर ब्रांड नहीं तो हम जीने के लायक नहीं! ब्रांड से दुनियाभर के अमीरों का मुनाफा जुड़ा है। अब हो सकता है कि ये व्यापारिक हित दुनिया और देश के उन अमीरों के ही हों, जिनकी सादगी के किस्से सुनकर हम चकित होते हैं। उन्हें आदर्श मानते हैं और सोचते हैं कि इतना पैसा, फिर भी न दिखावा, न घमंड।

अक्सर मिलने के लिए गांव से नाते-रिश्तेदार आते रहते हैं। उनकी जीवन शैली पर ब्रांड के जादू का खासा असर दीखता है। कपड़ों, जूतों, चश्मों- सब पर बड़े- बड़े ब्रांड के नाम छपे रहते हैं। वे कहते भी हैं कि तुम बड़े शहरों में जो कपड़े या जूते पहनते हो, जो बैग रखते हो, हम भी वैसा ही कर सकते हैं। हम भी वही पहन सकते हैं, वैसा ही खा सकते हैं, वैसे ही रह सकते हैं जैसे कि तुम लोग। फिर तुममें और हममें क्या फर्क है। लेकिन इसके पीछे छिपी एक बात और है, जो पता सभी को होती है, कही नहीं जाती। वह यह कि इन दिनों किसी भी बड़े ब्रांड, चाहे वह जूतों का हो, कपड़ों का हो या खान-पान की चीजें, उन सबकी नकल बाजार में बड़े पैमाने पर उपलब्ध है। स्थानीय बाजार के अनुसार ये सस्ते दामों पर भी आसानी से मिल जाते हैं। इस तरह ब्रांड पहनने की इच्छा भी पूरी हो जाती है, पैसे भी कम खर्च होते हैं और जिन जैसा बनाना चाहते हैं, कपड़े पहनना चाहते हैं, रहना-सहना चाहते हैं, उस समूह में शामिल भी हो जाते हैं।

पिछले साल गांव में एक रिश्तेदार लड़की की शादी थी। वहां उसकी मेज पर तमाम प्रसाधन सामग्री रखी थी, जिन पर दुनिया भर के मशहूर ब्रांडों का नाम लिखा था। लेकिन उसी लड़की का कहना था कि ये सब नाम नकल किए गए थे। सब स्थानीय स्तर पर ही बनाए गए थे, हालांकि प्रयोग करने में वे बुरे नहीं थे। दरअसल, इस तरह की नकल में होता यह है कि नाम और डिजाइन में मामूली अंतर कर दिए जाते हैं, ताकि कानून की पकड़ से दूर रहा जा सके। कई बार ऐसा लगता है कि अगर किसी सामग्री से कोई दुष्प्रभाव हो जाए तो किसकी जिम्मेदारी होगी। ऐसे में सफाई आती है कि उसने कहा था कि दुष्प्रभाव किसी भी चीज से हो सकता हैङ्क इन्हें ही क्यों बदनाम करते हैंङ्क और फिर हम जैसे लोग कहां जाएंङ्क हमें भी तो दुनिया को दिखाने के लिए कुछ करना पड़ता है। यानी कि सादगी के मुकाबले दुनिया मशहूरी और नकल भी देखना चाहती है। नकली चीजों के इस्तेमाल में कोई परहेज नहीं, बस यह किसी को पता नहीं चलना चाहिए कि वे नकली है, वरना जिस हैसियत को पाने चले हैं, उसका क्या होगा। यही वजह है कि लड़कों, युवकों के पास जो कपड़े या जूते नजर आते हैं, उन पर बड़े-बड़े ब्रांड के नाम सजे होते हैं। जिन लोगों की सादगी हमें बहुत प्रभावित करती है कई बार लगता है कि कहीं वह कोई रणनीति तो नहीं, क्योंकि साधन-संपन्न अपनी सादगी के किस्से लिखवा रहा है, उन पर इतरा न भी रहा हो तो भी लोग उन्हें बहुत चाव से पढ़ रहे हैं, दूसरों को सुना रहे हैं। दूसरी तरफ मध्यवर्ग, निम्न मध्यवर्ग, गरीब के सिर पर ब्रांड किसी जिन्न की तरह सवार हैं। जेब में चूंकि उतने पैसे नहीं, तो नकल ही सही।

# छोटी छोटी बचतों से अर्थव्यवस्था को मिलता है बल

यह सनातनी संस्कार ही हैं जो भारत के नागरिकों को छोटी छोटी बचतें करना सिखाते हैं। भारतीय परम्पराओं के अनुसार हमारे बुजुर्ग हममें बचत की प्रवृत्ति बचपन में ही यह कहकर विकसित करते हैं कि भविष्य में आड़े अथवा बुरे वक्त के दौर में, पुराने समय में की गई बचत का बहुत बड़ा सहारा मिलता है। भारतीय परिवारों में तो गृहणियां घर खर्च के लिए उन्हें प्रदान की गई राशि में से भी बहुत छोटी राशि की बचतें करने का गणित जानती हैं एवं वक्त आने पर अपने परिवार के सदस्यों को उक्त बचत की राशि सौंप कर संतोष का भाव जागृत करती हैं।

आजकल के आर्थिक दौर में केवल धन का अर्जन करना ही काफी नहीं है बल्कि अर्जित किए गए इस धन का कुछ भाग, बचत के रूप में सही स्थान पर सुरक्षित निवेश करना भी जरूरी है। यदि कमाए गए धन को बचत के रूप में निवेश नहीं किया जाता है तो उस राशि का बाजार में मूल्य, मुद्रा स्फीति के चलते, कम होते होते भविष्य में शून्य हो जाता है। अतः बचत के रूप में निवेश की गई राशि पर इतनी आय तो अवश्य ही होनी चाहिए कि वह मुद्रा स्फीति की दर से अधिक हो ताकि बचत की राशि का बाजार मूल्य कम से कम उतना तो बनाए रखा जा सके। अर्थात, पैसे से पैसा कमाना आना चाहिए।

भारत में केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक इस दृष्टि से लगातार प्रयास करते रहते हैं कि देश के नागरिक अपनी बचतें बढ़ाएं ताकि उनका एवं उनके बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्यों का आर्थिक भविष्य, बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि को सुरक्षित बनाया जा सके। मुख्य रूप से इसी कारण के चलते समय समय पर केंद्र सरकार द्वारा अपनी विभिन्न बचत योजनाओं पर ब्याज की दरों को मुद्रा स्फीति की दर का ध्यान रखते हुए बढ़ाया अथवा घटाया जाता है। हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने अपनी विभिन्न बचत योजनाओं पर ब्याज दी दरें बढ़ा दी हैं। केंद्र सरकार के डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छोटी बचत योजनाएं, जिन पर ब्याज दरें बढ़ाईं गई हैं, उनके नाम हैं - डाकघर बचत खाता, 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा, डाकघर मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र, किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, 15 वर्षीय पीपीएफ खाता, महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, पीएमकेयर फार चिल्ड्रन योजना, भारत में तो बचत वैसे भी पसीने की कमाई मानी जाती है अतः इसे सोच समझकर ही निवेश करना चाहिए। एक तो यह सुरक्षित निवेश होना चाहिए, दूसरे इस निवेश पर लगातार आय होती रहे। हां, निवेश पर अधिक आय के मामले में लोभ नहीं करना चाहिए, अन्यथा निवेश की गई राशि ही डूब जाती है। लोभ एवं लाभ में बहुत बारीक अंतर होता है। तीसरे, निवेशित की गई राशि को आवश्यकता पड़ने पर सरल तरीके से वापिस प्राप्त किया जा सके अर्थात तरलता की स्थिति बनी रहनी चाहिए। केंद्र सरकार की उक्त छोटी बचत योजनाओं में निवेश एकदम सुरक्षित रहता है, इस निवेश पर आय लगातार अर्जित होती रहती है एवं तरलता की स्थिति भी बनी रहती है। हां, कुछ योजनाओं में लॉक इन पीरियड अवश्य रहता है एवं केवल इस अवधि के समाप्त होने के पश्चात ही बचत की राशि का आहरण किया जा सकता है।

हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में वित्तीय साक्षरता बढ़ी है, जिसके चलते वे अपनी बचतों पर अधिक आय अर्जित करने की दृष्टि से बैंकों में सावधि जमा योजनाओं में अपनी बचत का निवेश करने के साथ साथ म्यूचूअल फण्ड एवं पूंजी बाजार (शेयर मार्केट) में भी अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं। इन क्षेत्रों में बचत की राशि निवेश करने पर कुछ जोखिम तो अवश्य रहता है परंतु तुलनात्मक रूप से आय अच्छी हो जाती है। इस सम्बंध में नागरिकों में धीरे धीरे जागरूकता बढ़ रही है एवं वे अपनी बचतों को विभिन्न योजनाओं में निवेश करने लगे हैं। बचत भी अलग अलग योजनाओं में की जानी चाहिए ताकि यदि कोई योजना किसी कारण से असफल साबित हो तो आपका पैसा अन्य ओजनाओं में सुरक्षित रहे। म्यूचूअल फण्ड भी विभिन्न प्रकार के एवं अलग अलग वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी होने चाहिए, ताकि यदि किसी एक वित्तीय संस्थान में आर्थिक समस्या खड़ी हो तो नागरिकों का पूरा पैसा इस एक ही संस्थान में नहीं डूबे।

# चर्चा हिन्दू राष्ट्र की के अंतर्गत त्र्यंबकेश्वर मंदिर की घटना पर आधारित विशेष संवाद !

## ...इससे वे हिन्दुओं की प्रतिक्रिया देखना चाहते थे; भविष्य में संकट को पहचान कर हिन्दू सावधान हो जाएं ! - महंत श्री सुधीरदासजी महाराज

हाल ही में संदल के उपलक्ष्य में 15-16 मुसलमानों के समूह ने हिन्दुओं के ज्योतिर्लिंग श्री त्र्यंबकेश्वर मंदिर में घुसकर हरी चादर चढाने का प्रयत्न किया । यह एकप्रकार से हिन्दुओं को टटोलने का प्रयत्न था । वे देखना चाहते थे कि ऐसा करने पर हिन्दुओं की क्या प्रतिक्रिया होगी ? भविष्य में इससे बडा षड्यंत्र रचा जा सकता है । इसलिए हिन्दू अपने मंदिरों की रक्षा के लिए अभी से सावधान हो जाएं; ऐसा आवाहन नासिक जिले के प्रसिद्ध श्री कालाराम मंदिर के आचार्य महामंडलेश्वर महंत श्री सुधीरदासजी महाराज ने किया । वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित मूर्तिपूजा का विरोध करनेवाले मुसलमानों ने त्र्यंबकेश्वर मंदिर में घुसने का प्रयत्न क्यों किया ? इस विषय पर विशेष संवाद में वे बोल रहे थे ।



इस अवसर पर महंत श्री सुधीरदासजी महाराज आगे बोले, साउदी अरेबिया में कहीं भी मजार नहीं, कहीं भी संदल नहीं निकलता; यह प्रकार केवल भारत में ही बढता चला जा रहा है । इससे देशभर में लैंड जिहाद शुरू है । अब हिन्दुओं के मंदिर में घुसकर गडबड करना शुरू कर दिया ।एक ओर तो ये लोग मूर्तिपूजा मानते नहीं; तो दूसरी ओर मंदिरों के नाम पर अपना व्यवसाय करना, यह उनकी दोहरी नीति है । इसलिए ऐसे लोगों से पूजा-प्रसाद की सामग्री क्यों खरीदें ? उनकी पूजा समाग्री पर बहिष्कार क्यों न डालें ? इस पर हिन्दुओं को चिंतन करना चाहिए ।

इस अवसर पर श्री त्र्यंबकेश्वर पुरोहित संघ के अध्यक्ष श्री. मनोज थेटे गुरुजी बोले, त्र्यंबकेश्वर में मुसलमानों के संदल अनेक वर्षों से शुरू है; परंतु मंदिर के अंदर घुसकर धूप दिखाना और चादर चढाने की प्रथा कभी भी नहीं थी । वे लोग रास्ते से जाते समय धूप दिखाते हों, इसलिए वह मंदिर की प्रथा नहीं हो जाती । इस संदर्भ में त्र्यंबकेश्वर नगर परिषद द्वारा बुलवाई गई ग्रामसभा में संबंधित मुसलमानों ने अपनी चूक के लिए सार्वजनिक क्षमायाचना की ।

इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के समन्वयक श्री. आनंद जाखोटिया बोले, इस घटना से कुछ प्रसारमाध्यम एक नैरेटिव सेट कर रहे हैं कि हिन्दुओं ने इस प्रथा-परंपरा का स्वागत किया है; परंतु कुछ कट्टर हिन्दू जानबूझकर विरोध कर रहे हैं ; परंतु ये प्रसारमाध्यम हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं का तनिक भी विचार नहीं करते । यदि मुसलमानों में वास्तव में ही श्री त्र्यंबकेश्वर पर इतनी श्रद्धा है, श्रीराममंदिर के लिए हिन्दुओं को 500 वर्ष क्यों लडना पडा ? काशी और मथुरा के मंदिर हिन्दुओं के स्वाधीन क्यों नहीं कर रहे ? अहिन्दुओं को प्रवेश नहीं , ऐसा स्पष्ट सूचनाफलक मंदिर के बाहर लगा होने पर भी उसका पालन मुसलमान नहीं करते, तो वे किस प्रथा-परंपरा के विषय में बोल रहे हैं ? यही गुट यदि 15-16 लोगों से अधिक बडा होता और सुरक्षा रक्षकों ने उन्हें रोका नहीं होता, तो क्या होता ? इस विषय में सरकार और हिन्दुओं को गंभीरता से विचार करना

# तलवल मोड़ के पास लूट की घटना का पुलिस ने किया सफल अनावरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गाजीपुर मय हमराहीयान व स्वाट व सर्विलांस टीम द्वारा लूट की धारा से सम्बन्धित अभियुक्तगण को तलवल मोड़ के पास लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लालनपुर मोड़ थाना कोतवाली, गाजीपुर से घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गण क्रमशः धीरज कुमार पुत्र जयनरायण राम निवासी बडी बस्ती सकरा, रविकान्त उर्फ जुगनू पुत्र मुकेश कुमार निवासी सकरा, अर्जुन उर्फ बुलेट बिंद पुत्र स्व0 विजय बिंद निवासी बिंदपुरवा महराजगंज थाना कोतवाली गाजीपुर को गिरफ्तार करते हुए इनके कब्जे से लूटी गयी धनराशि रू0 3100/-, घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद चाकू, राजघाट वाराणसी से चोरी गयी एक अदद मोटरसाइकिल तथा अभियुक्त धीरज कुमार व अभियुक्त अर्जुन बिन्द उर्फ बुलेट के पास से एक-एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक-एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद करने में में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा बताया गया सोनू बिन्द जो हम लोगो का सरगना है उसी के कहने पर घटना को अंजाम देते व अपराध करते है। वांछित अभियुक्त सोनू बिन्द की तलाश की जा रही है, गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह थाना कोतवाली मय टीम, स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय जनपद गाजीपुर मय टीम, सर्विलांस टीम प्रभारी सुनील तिवारी जनपद गाजीपुर, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार उपाध्याय, थाना कोतवाली, उपनिरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना कोतवाली, हेड कांस्टेबल सुजीत सिंह , एसओजी टीम गाजीपुर, हेड कांस्टेबल विनय यादव, एसओजी टीम कांस्टेबल प्रमोद सरोज, एसओजी टीम, कांस्टेबल राकेश सोनकर एसओजी टीम, कांस्टेबल रमाशंकर गौतम, थाना कोतवाली, कांस्टेबल अफसार अहमद, थाना कोतवाली, कांस्टेबल जमील अंसारी, थाना कोतवाली, जनपद-गाजीपुर ।



## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ प्रमोशन, 15 बनी मुख्य सेविका

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अब शासन के निर्देश पर प्रमोशन देने का काम शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में गाजीपुर की 15 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मुख्य सेविका पद पर प्रोन्नति करते हुए उनसे आईसीडीएस पोर्टल पर जनपद का विकल्प देने के लिए 26 और 27 मई को जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि शासन से आंगनबाडी कार्यकताओं के प्रमोशन को लेकर निर्देश आया था। जिस के क्रम में 62 आंगनबाड़ी कार्यकताओं का पूरा डिटेल वेरिफिकेशन करने के बाद शासन को भेजा गया था। जिसमें शासन ने कार्रवाई करते हुए कुल 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जो जनपद के जखनिया, रेवतीपुर ,मनिहारी, सैदपुर और बिरनो परियोजना की है। उनका चयन कर उनसे जनपद विकल्प के लिए आईसीडीएस पोर्टल पर विकल्प भरने हेतु निर्देश दिया गया कि आगामी 26 और 27 मई को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जनपद विकल्प भरें। उन्होंने बताया कि आंगनबाडी कार्यकताओं का इस तरह से शासन स्तर पर प्रमोशन होने से आंगनबाड़ी कार्यकताओं मे प्रमोशन के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। और उनके कार्यों में गुणवत्ता आने की भी उम्मीद जताई।

उन्होंने बताया कि जखनिया परियोजना से सविता देवी, देवी यादव, सुषमा सिंह, विमला सिंह, इंदिरा देवी, राधिका देवी, लीलावती देवी, रेवतीपुर परियोजना से गायत्री देवी, मनिहारी परियोजना से शीला देवी, गीता यादव, शांति देवी, कंचन देवी, सैदपुर परियोजना से ललिता कुमारी, आशा देवी और बिरनो परियोजना से बिंदु देवी का चयन मुख्य सेविका के लिए किया गया है। जिन्हें और आगामी 26 और 27 मई को जनपद विकल्प के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना जनपद विकल्प भरना है।

## बनारस के 5 खिलाड़ी नेपाल में अन्तराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप शीप में करेंगे प्रतिभाग

प्रखर दानगंज वाराणसी। नेपाल में अयोजित होने वाले अंतराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में भारत के ओर से प्रतिनिधत्व करने वाले वाराणसी के सृष्टि मौर्या,खुशी मौर्या, वर्तिका रघुवंशी , देवांश सिंह , शाश्वत रघुवंशी का चयन किया गया है।



नेपाल की राजधानी काठमांडू शहर के दशरथ स्टेडियम में नेपाल सोतोकान कराटे एसोसिएशन के द्वारा दिनांक 26 मई से 28मई तक अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप मे भाग लेने चोलापुर के तीन खिलाडी सहित जनपद से पाच खिलाडी मंगलवार की रात मे रवाना हो गए। यह जानकारी कोच दिनेश मौर्य ने दी है। दिनेश के अनुसार उत्तर प्रदेश के वाराणसी के कराटे खिलाड़ी बालिका वर्ग में सृष्टि मौर्या, खुशी मौर्या, वर्तिका रघुवंशी अपने अपने भार वर्ग में एवं बालक वर्ग में देवांश सिंह, शाश्वत रघुवंशी अपने अपने भार वर्ग में भारत की और से सिहान आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में टीम प्रतिभाग करेगी, जिसमें टीम कोच दिनेश मौर्या एवं टीम मैनेजर के रूप में अनिल मौर्या को बनाया गया। दिनेश के अनुसार चोलापुर के शाश्वत रघुवंशी, वर्तिका रघुवंशी और देवाश सिंह भी नेपाल जा रहे है।

## अराजक तत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस फोर्स तैनात

आजमगढ़। यूपी के आजमगढ़ जिले के जगरनाथ सराय गांव में स्थापित संविधान निर्मात डा.भीमराव अंबेडकर के मूर्ति को अराजक तत्वों ने रविवार रात में तोड़ दिया। सोमवार सुबह इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही रानी की सराय थाना पुलिस के साथ ही आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। जगरनाथ सराय गांव में रास्ते के किनारे वर्षों पूर्व बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई थी। रविवार रात अराजक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरी प्रतिमा ही चबूतरे से उखाड़ दी गई थी।

# शंकराचार्य जी ने किया काशी से प्रस्थान भक्तों ने सजल नयनों से दी भावपूर्ण विदाई

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। परमाराध्य परमधमार्धीश अनंतश्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज काशी से सड़क मार्ग द्वारा छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश में धर्मसभा व प्रवचन कहने हेतु प्रस्थान कर गए। उक्त जानकारी देते हुए पूज्य शंकराचार्य जी महाराज के प्रेस प्रभारी सजंय पाण्डेय ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य जी महाराज के प्रस्थान का खबर पाकर सुबह से शंकराचार्य घाट स्थित श्री विद्यामठ मे भक्तों की भारी भीड़ लग गई थी डॉ गिरीश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में ग्लोरियस एकेडमी के बच्चे भी प्रस्थान के समय पूज्य महाराज के दर्शन पूजन हेतु पहुच गए थे` प्रस्थान के समय पूज्य शंकराचार्य जी महाराज को संतों व भक्तों ने सजल नयनों से भावपूर्ण विदाई दिया और पुनः शीघ्र काशी आने हेतु प्रार्थना निवेदित किया। प्रस्थान के समय पूज्य शंकराचार्य जी महाराज धर्मसम्राट करपात्री जी महाराज व ब्रम्हलीन द्वय पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के लंबे समय से अस्वस्थ कृपापात्र शिष्य पं सम्पूणानंद तिवारी अस्सी स्थित आवास पर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना व उनके शीघ्र स्वस्थ होने हेतु अपनी मंगलकामना सम्प्रेषित की। प्रस्थान के समय सर्वश्री साध्वी पूर्णम्बा दीदी, साध्वी शारदम्बा दीदी, प्रेस प्रभारी सजंय पाण्डेय, डॉ गिरीश चन्द्र तिवारी, परमेश्वर दत्त शुक्ल, रमेश उपाध्याय, विजया तिवारी, यतींद्र चतुवेर्दी, सतीश अग्रहरी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, किशन जायसवाल, विवेक पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, ब्रम्हचारी परमात्मानंद, रविन्द्र मिश्रा, रामचन्द्र सिंह, कृष्णा पराशर आदि लोग सहित भारी संख्या में संत व भक्तगण उपस्थित थे।



# जागरूकता रथ यात्रा निकालकर समाज को दिलायेंगे पहचानः संजीव

सकलडीहा। चंदौली। लोक सभा चुनाव से पूर्व अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज की राष्ट्रीय कमेटी सामाजिक अधिकार और पहचान को लेकर एकजुट है। सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी के नेतृत्व में कोर कमेटी के सदस्यों ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती और पहचान दिलाने को लेकर चर्चा किया। इस दौरान गोरखपुर से लखनऊ तक पूरे प्रदेश में देववंशी पटवा जागरूकता रथ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। अंत में पच्चीस सदस्यों की राष्ट्रीय कमेटी में चयनित पदाधिकारियों को मालाफूल व काशी विश्वनाथ की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कोर कमेटी को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी ने कहा कि हम समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के लिये जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे। समाज के प्रत्येक व्यक्ति से डोर टू डोर कैम्पन कर-के उनको अधिकार और सम्मान व सहयोग करेंगे। गोरखपुर से वाराणसी, लखनऊ, राय बरेली सहित प्रदेश के हर जिलों में देववंशी पटवा जागरूकता रथ यात्रा निकालकर समाज को पहचान और अधिकार दिलायेंगे। वही राष्ट्रीय संरक्षक टीएन गुप्ता व राष्ट्रीय सचेतक विजय बहादूर पटवा ने कहा कि हम जाति को तोड़ने नहीं देंगे। समाज को जोड़कर सामाजिक और राजनैतिक पहचान दिलायेंगे। इसके पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा और राष्ट्रीय बौद्धिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीताराम गुप्त ने समाज को शिक्षा के साथ रोजगार से जोड़ने का आवाहन किया। अंत में प्रदेश भर में नगर पंचायत चुनाव में सभासद के लिये लड़े कुल 55 उम्मीदवारों को सम्मान करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आरके सिंह, प्रदेश अध्यक्ष माता प्रसाद, विजय गुप्ता, राजकुमार देववंशी,सुरेश लाल, आनंदी पटवा, प्रमोद देववंशी, विक्रम, पुरषोत्तम पटवा,ओमप्रकाश, अरविंद पटवा सहित अन्य मौजूद रहे।



## संकट मोचन के दरबार मे नेता से लेकर अभिनेता तक लगाई हाजिरी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लॉक के भानपुर ग्राम सभा में मंगलवार को ग्रामीणों के सहयोग से शिवकाशी इंडस्ट्रीज के समीप स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर एवं डीह बाबा मंदिर परिसर में जेष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को श्रीराम चरितमानस पाठ के समापन पर उनके दर्शन व प्रसाद के लिए नेता से लेकर अभिनेता तक हाजिरी लगाई । आयोजक रविशंकर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रसाद वितरण से लेकर समस्त धार्मिक आयोजन को सम्पन्न कराने के बाद मंगलवार को आयोजित भंडारे में भोजपुरी अभिनेता रितेश पांडेय, विधायक डॉ अवधेश सिंह, रोहनिया विधायक सुनील पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूजन मौर्य, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख धमेंद्र विश्वकर्मा, दीपक सिंह, सन्तोष सिंह, सुधीर सिंह समेत अनेक गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अब कंप्यूटराइज्ड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बनाएगा स्वास्थ्य विभाग

### जिलाधिकारी ने कम्प्यूटराइज्ड पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रणाली का बटन दबाकर किया शुभारंभ



चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा पं0 कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में स्थापित पोस्टमार्टम हाउस में कंप्यूटराइज्ड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट प्रणाली का बटन दबाकर उद्घाटन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब कंप्यूटराइज्ड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जारी की जाएगी। इसके लिए जिले में कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। अभी तक स्वास्थ्य विभाग हाथ से बनाई रिपोर्ट ही जारी करता था। जिलाधिकारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम करने वाले सभी डॉक्टरों को इसकी पूरी जानकारी दे दी गई है। रिपोर्ट पर डॉक्टर का नाम, पद, अस्पताल और मोबाइल नंबर भी अंकित होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी वाई के राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टाप उपस्थित रहे।

# हास्पिटल में इमरजेंसी सेवा का सच बेहद कड़वा रात में नहीं मिल पाती मरीजों की जांच सुविधाएं

चकिया। चंदौली। जिला संयुक्त चिकित्सालय में यूं तो 24 घंटे इमरजेंसी सेवा देने का दावा किया जाता है लेकिन इसके पीछे की हकीकत बेहद ही खतरनाक है। इमरजेंसी वार्ड में रात के समय मरीजों को सुबिधा नहीं मिल पाता है । अगर रात के समय मरीज बाहर किसी पैथालाजी पर जांच कराता है तो उसे मोटी रकम चुकानी पड़ती है । अगर मरीज के पास पैसा नहीं रहता है उस मरीज को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है ।जिसके अभाव में मरीज की जान भी चली जाने की संभावना बनी रहती है । रात के समय गंभीर रूप से बीमार या हादसे में घायल मरीजों की जरूरी जांच भी नहीं हो पाती। सरकारी हास्पिटलों में अल्ट्रासाउंड तो दूर एक्स-रे व ब्लड जांच तक नहीं हो पाते। इसके कारण गंभीर नहीं होने के बावजूद भी रेफर कर दिया जाता है। इसमें से अधिकतर मरीजों को अपनी निजी वाहनों से वाराणसी या जिला अस्पताल जाना पड़ता है। खून की जांच के लिए मरीज को सुबह होने का इंतजार करना पड़ता है। वहीं, निजी अस्पताल या लैब संचालक रात को किसी भी जांच के लिए दोगुनी फीस वसूलते हैं। बाहर से देखने में भले ही जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया बेहतर लगता हो। लेकिन अंदर जाने के बाद हास्पिटल की व्यवस्था की पोल खुल जाती है मरीजों के सामने तमाम जांच से इलाज तक समस्याएं रहती है। अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों के लिए विश्राम गृह रैन बसेरा की व्यवस्था है लेकिन पंखे की व्यवस्था नहीं और शितल पीने का जल की व्यवस्था नहीं ।मरीज के साथ आये तामिरदार को काफी परेशानी होती है । इसके कारण इलाज के लिए आए मरीज के परिजनों को इधर-उधर रात गुजारनी पड़ती है। यूं तो अस्पताल प्रशासन कह दें कि मरीज के साथ एक परिजन रह सकते हैं, लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ने पर परिजनों की भी संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में मरीज के परिजनों का रात गुजारना बहुत मुश्किल हो जाता है। वहीं कुछ मामले में मरीज ज्यादा गंभीर होते हैं तो ऐसे हालत में मरीज के साथ परिजनों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन हास्पिटल के निर्देश के कारण मरीज के साथ एक ही परिजन को अस्पताल में रहने कहा जाता है। बाकी परिजनों को अस्पताल कैंपस एवं मुख्य सड़कों पर घूमते हुए रात गुजारनी पड़ती है। हास्पिटल में बिचौलिए काफी सक्रिय हैं। इसका खामियाजा दूर-दराज से आए गरीब मरीजों को उठाना पड़ता है। अस्पताल परिसर में बिचौलिए मरीजों को बेहतर इलाज का प्रलोभन देकर निजी नर्सिंग होम ले जाते हैं। वहीं बिचौलिए हास्पिटल की व्यवस्था को नारकीय बताकर सवाल खड़ा करते हैं। इसके अलावा बाहर से संचालित हो रहे कुछ अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी सेंटर, एक्स-रे सेंटर व मेडिकल स्टोर के दलाल भी मरीजों को बहला-फुसलाकर उन जगहों पर पहुंचाकर अपना कमीशन लेकर चलते बनते हैं। इस समस्या का कोई भी ठोस कदम अस्पताल प्रशासन नहीं उठा रहा है। हास्पिटल में अल्ट्रासाउंड की भी व्यवस्था नहीं मिलने से मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है । हास्पिटल में मरीजों के लिए रात में भी जांच की व्यवस्था मिल जाती है तो मरीजों को काफी राहत मिलती ।




## ज्ञानवापी मामले में वाराणसी जिला जज के फैसले से विश्व वैदिक सनातन संघ नाखुश

प्रखर वाराणसी। ज्ञानवापी प्रकरण में जिला जज वाराणसी अजय कृष्ण द्वारा दिए गए आदेश से विश्व वैदिक सनातन संघ नाखुश होकर विरोध जताया है। बता दें कि विश्व वैदिक सनातन संघ का कहना है कि सभी दाखिल याचिकाओं को एक साथ समन्वित करने का फैसला न्यायोचित नहीं है और हिंदू हित के विरुद्ध भी है। उक्त मामले में विश्व वैदिक सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि ज्ञानवापी मामले में मंगलवार को जिला न्यायालय द्वारा कंसोलिडेशन का जो फैसला दिया गया है, वह संतोषजनक नहीं है। 18/22 श्रृंगारगौरी राखी सिंह का केस मात्र 5 महिला वादिनीयों के व्यक्तिगत पूजा के अधिकार का मामला है, जो संपूर्ण हिंदू हितों के साथ न्याय नहीं करता। वही 712/22 भगवान आदिविश्वेश्वर विराजमान केस भगवान के भूमि स्वामित्व का मामला है ,जो संपूर्ण हिंदू जनमानस का केस है। जिसमें संपूर्ण ज्ञानवापी हिंदुओं को सौंपने, मुस्लिम प्रवेश प्रतिबंधित करने, पूजा-पाठ, राजभोग की अनुमति और अवैध तरीके से बनाए गए इस्लामिक स्ट्रक्चर को तोड़ कर मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त करने की मांग करता है। ऐसे में न्यायहित में हिंदू पक्ष की मजबूती के लिए इस फैसले के विरुद्ध हम उच्च न्यायालय का रुख करेंगे और अपना पक्ष रखेंगे। अब देखना है कि उच्च न्यायालय उक्त मामले में क्या फैसला देती है?

## संक्षिप्त खबरें

### जाली दस्तावेज तैयार कर जमीन कब्जा करने वाले 25-25 हजार के दो ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर। थाना को0शहर पर दिनांकः 19.02.2023 को मुनिया देवी पत्नी स्व0 मठल्लू निवासी बीरमऊया थाना को0देहात द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी की जमीन पर अवैध कब्जा करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-19/2023 धारा 419,420, 467,468,506 भादवि बनाम गुंगई उर्फ लक्ष्मण आदि 06 नफर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जमीन पर कूटरचित प्रविष्टि के आधार पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0शहर को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 23.05.2023 को उ0नि0 भरत लाल पाण्डेय चौकी प्रभारी कचहरी थाना को0शहर मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना को0शहर क्षेत्र 25-25 हजार के ईनामिया 02 अभियुक्तों 1. गुंगई उर्फ लक्ष्मण पुत्र कन्हई, 2. लल्ली पुत्र कन्हई निवासीगण तेन्दुआ कलां थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अनुरुप कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से आरंभ किया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। काशी रस के रूप में काशी के संस्कृति के नवीन स्वरूप से सामान्य जन को अवगत करवाने तथा उभरते कलाकारों को सशक्त मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर आदरणीय श्री अशोक मुथा जैन की परिकल्पना को सुबह बनारस के मंच से साकार किया जा रहा है गायन पर स्टेट लेवल के कलाकार जानवी, रनीत, प्रणव अनुराग और अभिषेक ने अपनी मधुर संगीत के माध्यम से श्रोता गण के हृदय को आनंदित किया उनके साथ संगत गिटार पर हंसराज ड्रम पर गीतश्री पियानो पर शिव और हर्ष उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केशरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पंडित अंशुमान महाराज ने किया। इस अवसर पर सुबह बनारस के संस्थापक एवं सचिव आदरणीय डॉ. रत्नेश वर्मा जी, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री सुनील शुक्ला उद्धव केसरी, श्री श्याम कुमार केशरी आदि उपस्थित थे।

### जमीनी रंजिश को लेकर चले लाठी, डंडे, नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज



प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में जमीनी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लाठी, डंडे व ईट पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पड़ोस के लोग आनन.फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला लेकर पहुंचे। उपचार के बाद पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर मुकदमा पंजीकृत करने और चालान करने में एक पक्षीय रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाया है। भकुरा गांव निवासी राजबली यादव का पड़ोसी दुलार गिरी के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर दुलार गिरी पक्ष के आधा दर्जन लोग लाठी. डंडा व ईट पत्थर से हमला कर दिया।जिसमें बिंदु देवी पत्नी दसरथ महिपाल यादव व राजबली यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें पड़ोस के लोग आनन.फानन में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पहुंचे। उपचार के बाद पीड़ित पक्ष ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चार लोगों दुलार गिरी, कमलेश गिरी, अर्षित, अभिषेक के खिलाफ 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। जबकि पुलिस ने हमला करने वाले पक्ष दुलारी देवी की तरफ से अमरजीत यादव, धीरज यादव, दशरथ यादव, राजबली यादव, साहबलाल यादव के खिलाफ 147, 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर एक पक्षीय चालान कर दिया। भुक्तभोगी पक्ष के लोगों ने पुलिस पर एक पक्षीय रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

प्रखर मिजार्पुर। जनपद के अदलहाट थाना अंतर्गत नरायनपुर चौकी क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी 27 वर्षीय युवक अनवर खान पुत्र शहर ए आलम खान गांव के समीप ही रेलवे लाइन के पास किसी ट्रेन की चपेट में आकर कट जाने से मौत हो गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक शहर ए आलम की दिमागी हालत विगत दिनों से सही नहीं थी, जिसका दवा इलाज भी वाराणसी से चल रहा था। युवक आज सुबह 10:00 बजे घर वालों को बिना बताए रेलवे लाइन की तरफ चला गया। और युवक किसी ट्रेन की चपेट में आकर कट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था ।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने रेलवे जीआरपी को सूचित कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस चुनार के लिए भिजवाया।

### इंस्पेक्टर राजेश यादव को खेतासराय में मिली पुनः कमान



प्रखर जौनपुर। एनकाउंटर स्पेसलिस्ट एसपी डॉ अजयपाल शर्मा ने जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए कई थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेर बदल किया जिसमें राजेश यादव को खुटहन से खेतासराय,योगेंद्र सिंह को प्रभारी साइबर सेल से खुटहन की कमान,राम सरीख को लाइन से जलालपुर की कमान,जय प्रकाश यादव को केराकत की कमान, रमेश को कुमार थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर, गोविंद देव मिश्रा को बरसठी,चन्दन राय को रामपुर, आदेश त्यागी को केराकत से शाहगंज भेजा गया,देवानंद रजक और रमेश यादव का रूतबा घटाते हुए विवेचना सेल,तो दिनेश कुमार को प्रभारी साइबर सेल भेजा गया।

Entertainment News



## विक्की-सारा के राजस्थानी अंदाज पर फिदा हुए फैंस

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म जरा हटके जरा बचके को लेकर चर्चा में हैं। विक्की कौशल और सारा अली खान अभी हाल ही में अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के लिए कपिल शर्मा के शो में पहुंचे थे। इसके बाद अब विक्की कौशल और सारा अली खान ने फिल्म को प्रमोट करने के लिए राजस्थान को चुना है। इस दौरान सारा अली खान और विक्की कौशल ने 170 सदस्य वाली ज्वाइंट फैमली साथ खाना भी खाया। सारा अली खान और विक्की कौशल की ये तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं। सारा अली खान की जो तस्वीरें सामने आ रही हैं। उन तस्वीरों में सारा अली खान सूट पहने हुए दिखाई दे रही हैं। जहां सारा अली खान ने देसी अवतार में नजर आ रही हैं, तो वहीं विक्की कौशल भी राजस्थानी लुक में नजर आ रहे हैं। इस वायरल हो रही तस्वीर में विक्की कौशल काला चश्मा लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं। विक्की कौशल का ये लुक आते ही छा गया।



## उर्वषी रौतेला का कातिलाना अवतार देख घायल हुए यूजर्स

उर्वषी रौतेला आए दिन सोशल मीडिया पर तबाही लाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद सेक्सी वीडियो शेयर किया है ,जिसे देखने के बाद आपकी आंखें खुली की खुली रह जाएंगी। उर्वशी ने ब्लू कलर का रिवीलिंग व बॉडीफिट आउटफिट पहना है। न्यूड मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और समंदर किनारे सेक्सी पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट बॉक्स पर एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। साथ की फायर इमोजी व रेड हार्ट इमोजी की भी बारिश करने से बाज नहीं आ रहे हैं।



## शादी की खबरों पर कीर्ति सुरेश ने तोड़ी चुप्पी

चर्चित अभिनेत्री कीर्ति सुरेश इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस जल्द ही दुबई के बिजनेसमैन से शादी रचाने वाली हैं। मगर, हाल ही में कीर्ति ने खुद इस मामले में चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बाकायदा सोशल मीडिया पर इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। काफी वक्त से कहा जा रहा है कि कीर्ति दुबई के बिजनेसमैन फरहान बिन लियाकत के साथ रिलेशनशिप में हैं और जल्द ही दोनों घर बसाने की तैयारी में हैं। अब कीर्ति ने ऐसी ही एक खबर पर प्रतिक्रिया दी है। पहले तो कीर्ति इस तरह की खबर देख अपनी हंसी ही नहीं रोक पाई। उन्होंने ऐसी खबर को रिट्वीट करते हुए लिखा, हाहाहा! अभी ऐसा कुछ नहीं है, फिलहाल मेरे दोस्त का नाम बीच में लाना सही नहीं है। जब भी मुझे शादी करनी होगी, मैं सच में उस रियल मिस्ट्री मैन का खुलासा करूंगी। तब तक शांत रहें।



## ये बॉलीवुड स्टार्स एक्टिंग के साथ बेचते हैं शैम्पू और लिपिस्टिक


बॉलीवुड स्टार्स ने एक्टिंग की दुनिया के साथ बिजनेस की दुनिया में भी अपना नाम बनाया है. आज हम आपको ऐसे स्टार्स के बारें में बताएंगे जो बिजनेस की दुनिया में कामयाबी हासिल कर रहे हैं।

**प्रियंका चोपड़ा**

प्रियंका चोपड़ा का बोलबाला ना सिर्फ बॉलीवुड में है बल्कि हॉलीवुड में भी है। वो आज अपने करियर में काफी सफल है। एक्ट्रेस ने एक्टिंग के अलावा अपना कदम बिजनेस में भी रखा है। उनका न्यूयॉर्क में सोना नाम का इंडियन रेस्टोरेंट है। साथ ही उन्होंने अपना हेयर केयर ब्रांड 'एनोमली' के नाम से शुरु किया है।

**कैटरीना कैफ**

बॉलीवुड की बार्बी डॉल यानी की कैटरीना कैफ ने इंडिया में अपनी अदाओं



और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। आज भी उनका नाम बॉलीवुड के टॉप एक्ट्रेस में शामिल है। एक्टिंग के अलावा एक्ट्रेस का एक ब्यूटी ब्रांड भी है। जिसका नाम 'के ब्यूटी' है। कैटरीना का ब्रांड काफी मशहूर मेकअप ब्रांड है।

**सलमान खान**

बॉलीवुड के दबंग खान यानी की सलमान खान इंडस्ट्री में तो हिट है ही, लेकिन बिजनेस की दुनिया में भी उनका सिक्का चलता है। उन्होंने अपना क्लोदिंग ब्रांड की शुरुआत साल 2007 में कि थी। ये एक चैरिटेबल ट्रस्ट है। इस ट्रसट की आधी कमाई बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ में लगाया जाती है।

**ऋतिक रोशन**

ऋतिक रोशन ना सिर्फ एक्टिंग




और डांस में नंबर 1 हैं बल्कि वो अपने बिजनेस में भी काफी सक्सेसफुल हैं। उनका HRX नाम से क्लोदिंग ब्रांड है, जोकि यंग जनरेशन के बीच काफी पॉपुलर है।





## नो एंट्री में एंट्री लेने को तैयार हैं बिपाशा बासु

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की साल 2005 में आई फिल्म नो एंट्री ने धमाल मचा दिया था। इस फिल्म के सीक्वल को लेकर काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। ऐसे में फिल्म को लेकर खुशखबरी सामने आई है। खबरों के मुताबिक जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरु होने की संभावना जताई गई है। फिल्म के स्टारकास्ट को लेकर अभी तक कोई खबर सामने नहीं आई है। ऐसे में कहा जा रहा है कि फिल्म में सलमान के साथ बिपाशा बासु नजर आएंगी। बिपाशा लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर हैं। कयास लगाए जा रहे है कि बिपाशा नो एंट्री के सीक्वल से बड़े पर्दे पर दुबारा वापसी करेंगी। इस फिल्म में सलमान और बिपाशा के अलावा, अनिल कपूर, बोमन ईरानी, फरदीन खान, लारा दत्ता, सेलिना जेटली, ईशा देओल समीरा रेड्डी जैसे सितारे दिखाई दिए थे। बता दें नो एंट्री फिल्म का डायरेक्शन अनीस बज्मी ने किया था। इस फिल्म को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया था। लोग काफी वक्त से इस फिल्म के दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन सलमान की वजह से फिल्म फ्लोर पर नहीं आ पा रही थी। सलमान अपनी दूसरी फिल्मों में काफी व्यसत थे। लेकिन अब इतने सालों के बाद फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। सलमान जल्द ही फिल्म की शूटिंग की शुरुआत करेंगे।




## 23 साल की हुईं शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान

बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान आज पूरे 23 साल की हो गई हैं। इस मौके पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्रिटीज भी उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुहाना खान स्टारकिड्स की चर्चा में नंबर वन पर रहती हैं। अब जल्द ही शाहरुख की लाडली एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू करने वाली हैं। सुहाना खान जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। सुहाना खान अपने बोल्ड और बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं लेकिन कई बार शाहरुख खान की बिटिया अपने स्किन कलर को लेकर सोशल मीडिया ट्रोल्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। दरअसल को उनके स्किन कलर को लेकर कई बार ताने मिलते हैं। लेकिन शाहरुख खान की लाडली ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब भी देना जानती हैं। साल 2020 में सुहाना खान ने ट्रोलिंग से तंग आकर एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया था। सुहाना ने अपने पोस्ट में ट्रोल्स के कमेंट्स का बंच शेयर करते हुए लिखा था, अभी बहुत कुछ चल रहा है और यह उन मुद्दों में से एक है, जिन्हें हमें ठीक करने की जरूरत। यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है बल्कि हर उस यंग लड़की / लड़के के बारे में है जो बिना किसी वजह से हीन भावना के साथ बड़े हुए हैं।

## ड्वेन जॉनसन हो चुके हैं डिप्रेशन का शिकार, दीपिका ने दी एडवाइस

फास्ट एंड फ्यूरियस और ब्लैक एडम एक्टर ड्वेन जॉनसन की फिल्में तो आपने देखी ही होंगी और शायद उन्हें बचपन में बतौर रेसलर भी देखा होगा। हालांकि हाल ही में एक्टर ने अपनी जिंदगी के





उस दौर के बारे में बात कि है जब उन्हें डिप्रेशन से होकर गुजरना पड़ा था। हाल ही में ड्वेन जॉनसन ने एक इंटरव्यू में डिप्रेशन से पीड़ित होने की बात कही थी। ऐसे में अब उनकी स्टोरी को बॉलीवुड की एक्ट्रे दीपिका ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बता दें दीपिका पादुकोण पिछले कुछ समय से मेंटल हेल्थ को लेकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।

**फुटबॉल टीम से बाहर हुए तो डिप्रेस्ड महसूस हुआ**

पॉडकास्ट शो The Pivot में ड्वेन जॉनसन ने बताया कि जब वह यूनिवर्सिटी ऑफ मियामी में थे, तब उन्होंने पहली बार खुद को डिप्रेस्ड महसूस किया था। कंधे पर चोट लगने की वजह से उन्हें फुटबॉल टीम में खेलने से रोक दिया गया था। उन्होंने कहा, 'मैं स्कूल नहीं जाना चाहता था। मैंने स्कूल छोड़ दिया, लेकिन हैरानी वाली बात ये है कि उस समय मुझे नहीं पता था कि मेरे साथ ये क्या हो रहा है? सबसे बड़ी बात है कि आपको यह समझना होका कि आप अकेले नहीं है जिसके साथ कुछ बुरा हो रहा है, न ही आप आखिरी हैं।'

**फुटबॉल छोड़कर बने रेस्लर**

इसके बाद इस इंटरव्यू में ड्वेन ने कहा कि 'मुझे उसी फुटबॉल टीम के लिए दोबार बुलाया गया लेकिन में वापस नहीं गया और उन्हें मैंने साफ मना कर दिया। हालांकि उस वक्त मेरे पिता ने मुझसे कहा था कि मैं जो कर रहा हूं उससे मरे करियर खराब हो सकता है और मैं सबसे बड़ी गलती कर रही हूं, लेकिन शायद वो अच्छा ही साबित हुआ, क्योंकि फुटबॉल के जानें के बाद ही मैं रिस्लिंग की दुनिया में आया और यहां से मैंने अपने जिंदगी की नई शुरूआत की है'।

**दीपिका ने लिखा 'मेंटल हेल्थ मैटर्स'**

दीपिका पादुकोण ने इंस्टा स्टोरी पर ड्वेन जॉनसन के इंटरव्यू को पोस्ट करते हुए लिखा, 'मेंटल हेल्थ मैटर्स'. एक्ट्रेस का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और यूजर्स उस पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं।

## समीक्षा सार

### मैरिको का नया कैम्पेन

नई दिल्ली। मैरिको लिमिटेड ने अपना नया टीवी कैम्पेन (टीवीसी) लांच करने की घोषणा की है। कंपनी की चीफ मार्केटिंग आफिसर सोमाश्री बोस अवस्थी ने कहा कि एक उद्देश्यपरक ब्राण्ड के तौर पर निहार शांति आंवला ने 2012 में पाठशाला फनवाला को लांच किया था। यह अनोखी पहल बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देती है, अब तक 4.17 लाख विद्यार्थियों को और 2.89 लाख शिक्षकों तक पहुंच चुकी है। समाज में योगदान देने के उद्देश्य से, निहार नैचुरल्स ने अभिनेत्री आलिया भट्ट को अपने ब्राण्ड का चेहरा बनाया है और 'बाल बढ़ेंगे, बच्चे पढ़ेंगे' का नारा देकर एक नया टेलीविजन विज्ञापन (टीवीसी) लांच किया है।

### सीईएससी का मुनाफा स्थिर

नई दिल्ली। बिजली क्षेत्र की कंपनी सीईएससी का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 445 करोड़ रुपए पर स्थिर बना रहा। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में भी उसका शुद्ध लाभ 445 करोड़ रुपए ही रहा था। हालांकि, आलोच्य अवधि में सीईएससी की कुल आय 3,208 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जबकि जनवरी-मार्च, 2022 की अवधि में यह 3,092 करोड़ रुपए रही थी। वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 3,099 करोड़ रुपए रहा।

### टीसीआई का लाभ 13% बढ़ा

नई दिल्ली। लाजिस्टिक्स समाधान प्रदाता ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने वित्त वर्ष 2022-23 में 304 करोड़ रुपए का लाभ कमाया जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 267 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 13.49 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने यहां जारी बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2023 में परिचालन राजस्व 3492 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 18.96 प्रतिशत अधिक है। टीसीआई ग्रुप के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा, 'चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 में हम सभी सेवा क्षेत्रों में आगे बढ़े हैं।

### सोना 120 रुपए टूटा

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 120 रुपए की गिरावट के साथ 60,580 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपए की गिरावट के साथ 73,600 रुपए प्रति किलो रह गई। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 120 रुपए की गिरावट के साथ 60,580 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई।'

### रुपया 18 पैसे फिसला

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट के साथ 82.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया। विदेशों में डॉलर में मजबूती आने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख और कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट से रुपये की हानि पर कुछ अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.80 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट के साथ 82.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.70 के उच्चस्तर तक गया और 82.85 के निचले स्तर तक आया।

### मेटा पर लगा जुर्माना

लंदन। सोशल मीडिया मंचों फेसबुक एवं व्हाट्सऐप का परिचालन करने वाली कंपनी मेटा पर यूरोपीय संघ ने उपयोगकर्ताओं के बारे में जानकारी अमेरिका भेजने पर सोमवार को रोक लगाने के साथ 1.3 अरब डालर का जुर्माना भी लगा दिया। करीब पांच साल पहले यूरोपीय संघ में निजता उल्लंघन से संबंधित सख्त कानून लागू होने के बाद लगाया गया यह सबसे बड़ा जुर्माना है। इसके पहले यूरोपीय संघ ने वर्ष 2021 में दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन पर 74.6 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया था।(एजेंसियां)

## वृद्धि दर नीचे और मुद्रास्फीति ऊपर जाने का जोखिम

■ देश की आर्थिक वृद्धि की राह में बाधा पैदा कर रही हैं वैश्विक स्तर पर चुनौतियां और मौसम की अनिश्चितताएं

नई दिल्ली (भाषा)।

वैश्विक स्तर पर चुनौतियों और मौसम के स्तर पर अनिश्चितताओं को देखते हुए आर्थिक वृद्धि के नीचे और मुद्रास्फीति के ऊपर जाने का जोखिम है।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को अप्रैल महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि खपत में मजबूती है और इसमें चौतरफा वृद्धि है। वहीं क्षमता सृजन और रियल एस्टेट में निवेश को लेकर आकर्षण बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अप्रैल में पूरे साल के आर्थिक परिणाम के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि, शुरुआत अच्छी हुई है।'

इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 2023-24 की शुरुआत पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही की मजबूत गतिविधियों के साथ हुई। अप्रैल में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह का आंकड़ा कर आधार के विस्तार और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि को बताता है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में वृद्धि हुई। इससे पहले, दो तिमाहियों में क्षमता उपयोग 75 प्रतिशत के आसपास रहा।

आर्थिक गतिविधियों में निरंतर वृद्धि तथा क्षमता उपयोग बढ़ने से कंपनियों ने नई क्षमता निर्माण को लेकर निवेश करना शुरू कर दिया है। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन के साथ निर्माण/बुनियादी ढांचा सामान के क्षेत्र में 2022-23 की चौथी तिमाही में वृद्धि बनी रही है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की तरह कृषि क्षेत्र में भी संभावनाएं बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, मानसून सामान्य रहने का अनुमान, जलाशयों में पानी की अधिक उपलब्धता, बीज और उर्वरकों की बेहतर उपलब्धता और ट्रैक्टर की अच्छी बिक्री खरीफ बुवाई मौसम के लिए बेहतर रहने की स्थिति को बयां करता है।

बेमौसम बारिश के बावजूद गेहूं की सार्वजनिक खरीद सुचारू होना खाद्य सुरक्षा के लिहाज से अच्छा है। गांवों में मांग भी बढ़ रही है। यह 2022-23 की चौथी तिमाही में दैनिक उपयोग के सामान बनाने वाली कंपनियों की मजबूत बिक्री और अप्रैल महीने में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की लगातार दहाई अंक में वृद्धि से पता चलता है।

रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले समय में खरीफ मौसम में बेहतर संभावना, फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकार की बजटीय खर्च में वृद्धि से किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट**

■ खपत के स्तर पर देखी जा रही मजबूती
■ रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश का आकर्षण बढ़ा
■ तेजी से बढ़ रहा है जीएसटी का संग्रह
■ क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश कर रहीं कंपनियां

### छोटी कंपनियों के दबदबे वाले क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की जरूरत नहीं

नई दिल्ली (भाषा)।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि सरकार को छोटी कंपनियों के प्रभुत्व वाले चमड़े के जूते और हस्तशिल्प उत्पाद जैसे क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का लाभ नहीं देना चाहिए। जीटीआरआई का मानना है कि ऐसा होने पर कारोबार इन उद्यमों के हाथ से जा सकता है।

जीटीआरआई की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटी कंपनियों को प्रौद्योगिकी तक पहुंच या कम लागत के वित्त की जरूरत है, पीएलआई की नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य प्रसंस्करण या ऑटो जैसे क्षेत्रों में कई घरेलू विनिर्माता हैं।

## गो फर्स्ट की ऋणशोधन याचिका स्वीकार करने का आदेश बरकरार

नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सोमवार को एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट की स्वैच्छिक रूप से ऋणशोधन प्रक्रिया में जाने की याचिका स्वीकार करने के एनसीएलटी के आदेश को बरकरार रखा।



अपीलीय न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय पीठ ने ऋण शोधन कार्यवाही का विरोध कर रही विमान पट्टे पर देने वाली कई कंपनियों से मामले में राहत के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के पास जाने को कहा। एनसीएलएटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'ऋणशोधन कार्यवाही को अनुमति देने वाले 10 मई, 2023 के आदेश को बरकरार रखा जाता है।' अपीलीय न्यायाधिकरण ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनियों की चार याचिकाओं पर यह निर्देश दिया। ये कंपनियां हैं...एसएमबीसी एविएशन कैपिटल लि., जीवाई एविएशन, एसएफवी एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स और इंजन लीजिंग फाइनेंस बी वी (ईएलएफसी)। इन चार कंपनियों ने वाडिया समूह की कंपनी को करीब 22 विमान दिए हुए हैं।

विमान पट्टे पर देने वाली कंपनियां एनसीएलटी की दिल्ली स्थित प्रधान पीठ के निर्णय का विरोध कर रही हैं। निर्णय के तहत एनसीएलटी ने गो फर्स्ट की स्वैच्छिक ऋणशोधन कार्यवाही के आग्रह वाली याचिका को अनुमति दे दी है। एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के मामलों को देखने के लिए अंतरिम समाधान पेशेवर नियुक्त किया है।

## भारतीय रेलवे बांग्लादेश को आज सौंपेगा 20 ब्राडगेज डीजल इंजन

नई दिल्ली।

भारतीय रेलवे की ब्राडग्रेज रेल पटरियों पर लंबे समय तक यात्री और मालगाड़ियों में चलने वाले डीजल लोकोमोटिव बांग्लादेश की रेलवे को अपनी सेवाएं देंगे। भारतीय रेलवे मंगलवार को ब्राडगेज के 20 डीजल इंजनों को बांग्लादेश को सौंपेगा। जुलाई 2020 में भारतीय रेलवे ने ब्राडगेज के 10 डीजल इंजनों को बांग्लादेश को दे चुका है।

रेल मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार इन 20 ब्राडगेज डीजल लोकोमोटिव को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल कार्यक्रम में मंगलवार को बांग्लादेश को सौंपेंगे। इन इंजनों को बांग्लादेश के रेलमंत्री भी वर्चुअल कार्यक्रम में अपने देश में प्राप्त करेंगे। दरअसल भारतीय रेलवे शत-प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर बढ़ रहा है। यहां तक भारत में अत्याधुनिक सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत पूरी से विद्युत चालित है। लिहाजा डीजल इंजनों की उपयोगिता धीरे-धीरे भारत में कम हो रही है। लेकिन यहां चल रही डीजल इंजन बांग्लादेश की ब्राडगेज लाइनों के अनुरूप है और यहां इन इंजनों से मालगाड़ी और यात्री गाड़ी 120 किलोमीटर की गति चलायी जा सकती है।

बताया जाता है कि जुलाई 2020 में भी जब बांग्लादेश को दस ब्राडगेज डीजल इंजन दिये गये थे, वे भी बांग्लादेश की जरूरत के हिसाब से बने थे। भारतीय रेलवे की ओर से कल 20 डीजल इंजन दिये जाने के बाद इनकी संख्या 30 हो जाएगी। रेलवे के मुताबिक बांग्लादेश रेलवे वह साझेदार है, जिसके साथ मिलकर भारत सप्लाई, मेंटिनेंस और अन्य महत्वपूर्ण काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पिछले दो साल में रास सदस्यों के वेतन भत्तों, सुविधाओं पर 200 करोड़ खर्च

नई दिल्ली (भाषा)। पिछले दो साल में राज्यसभा सदस्यों के वेतन, भत्तों और सुविधाओं पर करीब 200 करोड़ रुपये जबकि उनकी यात्राओं पर करीब 63 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आरटीआई के जवाब के तहत यह जानकारी सामने आई।



■ आरटीआई के तहत पूछे गए प्रश्न पर राज्यसभा सचिवालय ने बताया

कोरोना महामारी के बीच 2021-22 में सरकारी खजाने से राज्यसभा सदस्यों पर 97 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ। इस राशि में उनकी घरेलू यात्रा पर 28.5 करोड़ रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर 1.28 करोड़ रुपये का खर्च शामिल हैं। इसमें वेतन पर 57.6 करोड़ रुपये, चिकित्सा बिल 17 लाख रुपये और कार्यालय खर्च 7.5 करोड़ रुपये है। सदस्यों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सहायता प्रदान करने पर 1.2 करोड़ रुपये खर्च किए गए। मध्यप्रदेश के चंद्रशेखर गौड़ द्वारा आरटीआई के तहत पूछे गए एक प्रश्न पर राज्यसभा सचिवालय द्वारा दिए गए जवाब के अनुसार, 2021-23 में कुल 100 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिसमें घरेलू और विदेशी यात्रा व्यय में 33 करोड़ रुपये शामिल थे।

राज्यसभा सचिवालय ने कहा है कि 2022-23 के दौरान सदस्यों के वेतन पर 58.5 करोड़ रुपये, घरेलू यात्रा पर 30.9 करोड़ रुपये और विदेश यात्रा पर 2.6 करोड़ रुपये खर्च किए गए। अन्य खर्चों में चिकित्सा उपचार (65 लाख रुपये), कार्यालय खर्च में 7 करोड़ रुपये और आईटी सेवाओं पर 1.5 करोड़ रुपये का खर्च शामिल है। सचिवालय ने कहा, राज्यसभा के पूर्व सदस्यों पर 'घरेलू यात्रा व्यय' मद में 2021-22 में 1.7 करोड़ रुपये और 2022-23 में 70 लाख रुपये खर्च किया गया।

वर्ष 2021 के रिकॉर्ड के अनुसार, शीतकालीन सत्र में राज्यसभा में 43 प्रतिशत, मॉनसून सत्र में 29 प्रतिशत और बजट सत्र में 90 प्रतिशत कामकाज हुआ। अगले वर्ष, शीतकालीन सत्र के दौरान 94 प्रतिशत, मॉनसून सत्र के दौरान 42 प्रतिशत और बजट सत्र के दौरान 90 प्रतिशत कामकाज हुआ। इस साल में अब तक बजट सत्र के दौरान कामकाज 24 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गया।

## सात ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र खुलेंगे

■ आयोटेक वर्ल्ड के हर केंद्र पर 360 ड्रोन पायलटों को दिया जाएगा प्राशिक्षण

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

ड्रोन विनिर्माता आयोटेक वर्ल्ड एविगेशन ने सोमवार को कहा कि पांच राज्यों में जुलाई के अंत तक सात दूरस्थ ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र अपना परिचालन शुरू देंगे और प्रत्येक प्रशिक्षण संगठन की सालाना 360 ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षित करने क्षमता होगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि गुरुग्राम और घरौंदा (हरियाणा), जोबनेर (राजस्थान); चिकबल्लापुर (कर्नाटक); समस्तीपुर (बिहार); राजमुंदरी और विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में सात दूरस्थ पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) बन रहे है। वर्तमान में, इस स्टार्टअप कंपनी ने आरपीटीओ के लिए कई विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी की है।




आयोटेक वर्ल्ड के सह-संस्थापक और निदेशक दीपक भारद्वाज के अनुसार, इस महीने घरौंदा और जोबनेर में स्थित दो आरपीटीओ काम करना शुरू कर देंगे। जून में गुरु ग्राम, चिकबल्लापुर और समस्तीपुर में स्थित तीन आरपीटीओ काम करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी और विजयवाड़ा में शेष दो आरपीटीओ जुलाई तक चालू हो जाएंगे। इनके साथ आयोटेक वर्ल्ड के पास प्रति स्थल 360 नवोदित ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षित करने की वार्षिक क्षमता होगी। कंपनी ने अब तक 400 से अधिक पायलटों को प्रशिक्षित करने में मदद की है।

आयोटेक वर्ल्ड के अन्य सह-संस्थापक और निदेशक अनूप उपाध्याय ने कहा कि सात नए आरपीटीओ खोलने से अधिक पायलटों को प्रशिक्षित करने में मदद मिलेगी।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 234 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 234 अंक चढ़ गया। एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली आईटी कंपनियों तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई सेंसेक्स 234 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,963.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 314.78 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 111 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,314.40 अंक पर बंद हुआ।

## जेट एयरवेज की बैंक गारंटी मामले में फैसला 30 मई को

नई दिल्ली (भाषा)। पिछले चार साल से बंद चल रही एयरलाइन जेट एयरवेज के मामले में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) 30 मई को आदेश पारित करेगा। जेट एयरवेज के लिए निर्णायक बोली लगाने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ ने अपीलीय न्यायाधिकरण से अपील की थी कि प्रमुख कर्जदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 150 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी भुनाने से रोक दिया जाए। दिवालिया एयरलाइन जेट एयरवेज के कर्जदाताओं और जून, 2021 में दिवाला समाधान बोली जीतने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। बैंक गारंटी भुनाने का मामला भी इसी की एक कड़ी है।

एनसीएलएटी की दो-सदस्यीय पीठ ने सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अंतरिम अर्जी पर सुनवाई पूरी करने के साथ मामले पर अपना आदेश 30 मई को सुनाने की बात कही। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि दोनों ही पक्षों को कर्ज समाधान योजना लागू करने के लिए कदम उठाने होंगे। कर्ज में फंसी एयरलाइन जेट एयरवेज का परिचालन 18 अप्रैल, 2019 से ही बंद है। इसके खिलाफ जून, 2019 में दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू हुई थी और जालान-कालरॉक गठजोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

## अल्ट्रोज का सीएनजी माडल लांच हुआ

नई दिल्ली (भाषा)। टाटा मोटर्स ने सोमवार को अपनी प्रीमियम हैचबैक अल्ट्रोज का सीएनजी संस्करण पेश किया। टाटा मोटर्स ने कहा कि अल्ट्रोज आईसीएनजी 7.55 लाख रुपए और 10.55 लाख रुपए के बीच छह संस्करणों में उपलब्ध होगी। यह गाड़ी 'ट्विन-सिलेंडर' सीएनजी तकनीक और अन्य उन्नत सुविधाओं जैसे वॉयस-असिस्टेड इलेक्ट्रिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर और एयर प्यूरिफायर से लैस है। कंपनी ने कहा कि ट्विन-सीएनजी सिलेंडर संरक्षित वॉल्व और पाइप के साथ लगेज एरिया के नीचे स्थित हैं, जिससे नुकसान का जोखिम कम हो जाता है। टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि ग्राहक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा अनुभव चाहते हैं और वह सीएनजी की व्यापक उपलब्धता के कारण इस वैकल्पिक ईंधन को चुन रहे हैं।




## टीसीएस के गठजोड़ को बीएसएनएल से 4जी नेटवर्क का ठेका

मुंबई (भाषा)।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की अगुवाई वाले गठजोड़ को भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) से 4जी नेटवर्क लगाने का 15,000 करोड़ रुपए का ठेका मिला है।


टीसीएस ने एक बयान में कहा कि उसे बीएसएनएल से 15,000 करोड़ रुपए का 'अग्रिम खरीद आर्डर' मिला है। इस घोषणा के साथ ही कई महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। टीसीएस शुरुआत से इस सौदे की दौड़ में आगे थी। टीसीएस देश की सबसे बड़ी साफ्टवेयर निर्यातक है। कंपनी की कुल आमदनी में घरेलू बाजार की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक है।

## 5000 छात्रों को स्कालरशिप देगी रिलायंस

■ स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान मिलेंगे दो लाख रुपए

नई दिल्ली (वार्ता)।

रिलायंस फाउंडेशन 27 राज्यों के 5 हजार छात्रों को स्कालरशिप देगी। स्नातक प्रथम वर्ष के इन विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान करीब 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। फाउंडेशन ने दिसम्बर 2022 में घोषणा की थी कि वे अगले 10 वर्षो के दौरान 50 हजार छात्रवृत्तियां देंगे।




छात्रवृत्ति के साथ चयनित विद्यार्थियों को पूर्व छात्रों के नेटवर्क से भी जोड़ा जाएगा। फाउंडेशन के सीईओ जगन्नाथ कुमार ने कहा कि हमें उम्मीद है कि रिलायंस फाउंडेशन स्कालरशिप, युवाओं के सपनों को नए पंख देगी। भारत के विभिन्न भौगोलिक इलाकों में विभिन्न विषय पढ़ने वाले विद्यार्थियों में से स्कालरशिप के लिए चयन किया गया है। लड़कियों और लड़कों को समान प्रतिनिधित्व दिया गया है। हम चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते है और हमें विश्वास है कि वे अपने सपनों को साकार करने के साथ साथ भारत की प्रगति में भी योगदान करेंगे। फाउंडेशन अंडरग्रेजुएट स्कालरशिप, छात्र की योग्यता और आर्थिक स्थिति के आधार पर दी जाती है। इस वर्ष के लिए चयनित विद्यार्थी इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी, विज्ञान, चिकित्सा, वाणिज्य, कला, व्यवसाय/ प्रबंधन, कंप्यूटर, कानून, वास्तुकला जैसे क्षेत्रों से है। 2022-23 सत्र के लिए 5,000 विद्यार्थियों को 4,984 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले लगभग 40,000 आवेदकों में से चुना गया है। सफल छात्रों में से 51 प्रतिशत लड़कियां है।

99 विकलांग छात्रों को भी छावृत्ति मिली है। चयन मानदंडों के आधार पर किया गया है, इनमें 'योज्ञता परीक्षा', 12वीं के अंक व अन्य मानदंड शामिल है। चयनित विद्यार्थियों को उनके चयन के बारे में सीधी जानकारी दे दी जाएगी।

## इकोनामी के संभालने के बाइडन के तरीके से खुश नहीं हैं अमेरिकी

■ सिर्फ 33 फीसद वयस्क अमेरिकी नागरिक राष्ट्रपति बाइडन के अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीकों से हैं सहमत

वाशिंगटन (एपी)।

राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा फिर से चुनाव प्रचार शुरू किए जाने के बीच अर्थव्यवस्था को संभालने की उनकी क्षमता पर देश के लोगों को अधिक भरोसा नहीं है। एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया है।

एसोसिएटेड प्रेस एनओआरसी सेंटर फार पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के एक ताजा सर्वे में सिर्फ 33 प्रतिशत व्यस्क अमेरिकियों ने बाइडन के अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके पर सहमति जताई। वहीं सिर्फ 24 प्रतिशत का मानना था कि देश की आर्थिक परिस्थितियां बेहतर स्थिति में हैं। बाइडन पर अमेरिकियों की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जबकि अमेरिकी सरकार के ऋण चूक को लेकर चिंता बनी हुई है, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर है और आवास बाजार संकट में है।

आव्रजन और हालिया गोलीबारी की घटनाओं जैसे मुद्दों पर भी बाइडन के प्रदर्शन से सिर्फ 31 प्रतिशत अमेरिकी संतुष्ट हैं। वहीं 40 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वे बाइडन के अपना काम करने के तरीके से संतुष्ट हैं। जोई मॉस्क्वेडा (24) जो किसी राजनीतिक दल से संबंध नहीं रखतीं, ने कहा कि उनका परिवार अपना पहला घर खरीदने की तैयारी कर रहा है, लेकिन अब औसत आवास ऋण दर करीब 6.9 प्रतिशत है। ऐसे में घर का सपना फिलहाल पूरा करना संभव नहीं है।

वेस्ट टेक्सास की एक महिला ने कहा कि बाइडन ने अपने चुनाव प्रचार में एक भेदभावरहित आव्रजन नीति का वादा किया था, लेकिन वह इसपर खरे नहीं उतरे हैं। एलन, टेक्सास मॉल में इस महीने हुई गोलीबारी सहित देशभर में हाल में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इस महिला ने कहा कि बाइडन और सांसदों को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए अधिक बेहतर तरीके से काम करना चाहिए।

डेमोक्रेट में भी सिर्फ आधे लोग बाइडन की आव्रजन और हिंसक घटनाओं से निपटने के तरीके पर सहमत नजर आए।

■ 24% अमेरिकी मानते हैं आर्थिक हालात अच्छे हैं
■ अमरीकियों को घर का सपना पूरा होने की आस नहीं
■ आव्रजन नीति पर भी बाइडन के प्रति है नाराजगी



## 60 से अधिक शहरों में पहुंचा अमेजन फ्रेश

नई दिल्ली (वार्ता)।


अमेजन इंडिया ने देश के 60 से अधिक शहरों में अपनी फुल बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के विस्तार की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि अमेजन फ्रेश ऐप-इन-ऐप अनुभव में ग्राहकों को रोजमर्रा के सामानों के साथ ही फल, सब्जी, चिल्ड प्रोडक्ट, ब्यूटी, बेबी, पर्सनल केयर और पेट प्रोडक्ट सहित किराने की वस्तुओं की रेंज पेश करेगा। इन शहरों में ग्राहक आकर्षक वीकेंड सेल, हर महीने की पहली से सातवीं तारीख तक सुपर वैल्यू डेज और पसंदीदा टाइम स्लॉट पर डिलीवरी के जरिए सभी किराना वस्तुओं पर ऑफर्स का लाभ ले सकेंगे।

# आईपीएल : धोनी के धुरंधरों की गिल के सामने होगी कड़ी परीक्षा

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 10 | 4 | 20 |
| चेन्नई | 14 | 8 | 5 | 17 |
| लखनऊ | 14 | 8 | 5 | 17 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| राजस्थान | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 14 | 7 | 8 | 14 |
| कोलकाता | 14 | 6 | 8 | 12 |
| पंजाब | 14 | 6 | 8 | 12 |
| दिल्ली | 14 | 5 | 9 | 10 |
| हैदराबाद | 14 | 4 | 10 | 8 |



औरेंज कैप
डु प्लेसिस
730 रन



पर्पल कैप
मो. शमी
24 विकेट

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

महेंद्र सिंह धोनी को चतुर रणनीतिकार माना जाता है लेकिन जब उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स मंगलवार को यहां आईपीएल के पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। इस मैच में फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल को रोकने के लिए सीएसके को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

गिल ने पिछले मैच में नाबाद शतक लगाकर विराट कोहली के शतकीय प्रयास पर पानी फेर दिया था जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम आईपीएल से बाहर हो गई। ऐसे में चेन्नई के खिलाफ मैच में इस युवा बल्लेबाज पर सभी की निगाह टिकी होगी और भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक धोनी उनके लिए निश्चित तौर पर विशेष रणनीति तैयार करेंगे।

### पहला क्वालीफायर मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स पर आज शाम 7.30 बजे





**चेपॉक पिच की हर मैच में बदल रही प्रकृति**

गुजरात टाइटंस ने इस सत्र में चेपॉक पर एक भी मैच नहीं खेला है। चेन्नई ने हालांकि यहां सात मैच खेले हैं लेकिन प्रत्येक मैच में पिच की प्रकृति बदली हुई नजर आई और इसलिए यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि आगामी मैच में इसका व्यवहार कैसे होगा। यह मैच इसलिए भी दिलचस्प बन गया है क्योंकि गुजरात की फ्रेंचाइजी भी लगभग चेन्नई के नक्शे कदम पर ही आगे बढ़ रही है। उसका मजबूत प्रबंधन और प्रशासन क्रिकेट से जुड़े मुद्दों पर कभी हस्तक्षेप नहीं करता तथा अधिकतर फैसले आशीष नेहरा, गैरी कर्स्टन और विक्रम सोलंकी ही करते हैं।

### एक जैसे रणनीतिकार

हार्दिक पंड्या के रूप में गुजरात टाइटंस के पास ऐसा कप्तान है जिन्हें कि धोनी की तरह कुशल रणनीतिकार माना जा रहा है। गुजरात की टीम भी चेन्नई की तरह अंतिम एकादश में बहुत अधिक बदलाव करने में दिलचस्पी नहीं रखती है। इसलिए यह मुकाबला एक जैसी रणनीति वाली टीमों के बीच होगा जिससे यह दिलचस्प बन गया है।

### गुजरात के लिए पिच बनी

गुजरात के लिए चेपॉक की पिच की धीमी प्रकृति से निपटना चुनौती होगी। इसके अलावा पावर प्ले में दीपक चाहर की गेंदबाजी और अंतिम ओवरों में मथीसा पथिराना का प्रदर्शन भी परिणाम पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा। ऐसे में पंड्या और नेहरा श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका से सलाह लेंगे क्योंकि वह जानते होंगे कि पथिराना और स्पिनर महेश तीक्ष्णा से कैसे निपटना है। शनाका को ऑलराउंडर के तौर पर उपयोग किया जा सकता है लेकिन टॉस को देखते हुए बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर को भी आजमाया जा सकता है जो यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं।

### दोनों टीम के गेंदबाज बनेंगे चुनौती

चेन्नई के लिए डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड से अच्छी शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण होगी। चेपॉक में अजिंक्य रहाणे का प्रदर्शन भी काफी महत्व रखता है जबकि शिवम दुबे सत्र के अपने 33 छक्कों में इजाफा करना चाहेंगे। चेन्नई के बल्लेबाजों के लिए हालांकि अनुभवी मोहम्मद शमी और राशिद खान से निपटना आसान नहीं होगा। यदि मैच के लिए पिच को सपाट बनाया जाता है तो ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम हो जाएगी। अगर चेन्नई के पास रविंद्र जडेजा, मोईन अली और तीक्ष्णा के रूप में अच्छे स्पिनर हैं तो टाइटंस के पास राशिद और नूर अहमद हैं। अफगानिस्तान के दोनों स्पिनरों ने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप



### अंपायर जतिन पर भ्रष्टाचार का आरोप

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने '2022 में हुए अंतरराष्ट्रीय मैचों' की जांच के बाद सोमवार को बठिंडा के अंपायर जतिन कश्यप पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। आईसीसी ने उन घटनाओं की जानकारी नहीं दी जिसके कारण कश्यप पर उसकी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत आरोप लगाए गए हैं। कश्यप ने पंजाब में जिला स्तर के मैचों में अंपायरिंग की है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पैनल में शामिल नहीं हैं। कश्यप ने पिछले चार साल से जिला स्तर के मुकाबलों में भी अंपायरिंग नहीं की है।

### हमने मोहन बागान के प्रशंसकों को नहीं रोका

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सोमवार को उन आरोपों का खंडन किया कि उसने मोहन बागान की जर्सी पहनने वाले प्रशंसकों को लखनऊ सुपर जायंट्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान ईडन गार्डन्स में प्रवेश करने से रोक दिया था। केकेआर ने इस तरह के दावों को 'भ्रामक' करार देते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स पर प्रतिघाती विपणन का आरोप लगाया। प्रतिघाती विपणन का मतलब प्रायोजन शुल्क का भुगतान किए बिना ही किसी कार्यक्रम विशेष के साथ अपने आप को जोड़ कर लाभ हासिल करना है। आरपी संजीव गोयनका समूह के पास लखनऊ सुपर जायंट्स और एक सदी से अधिक पुराने फुटबॉल क्लब मोहन बागान का मालिकाना हक है।

### एम्बाप्पे के दो गोल से पेरिस सेंट जर्मेन ने ऑक्सेरे को 2-1 से हराया

# फ्रांसीसी लीग में पीएसजी का रिकॉर्ड 11वां खिताब सुनिश्चित

एजेंसी ▶▶ पेरिस

काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने ऑक्सेरे को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपना 11वां खिताब लगभग सुनिश्चित किया। गत चैंपियन पीएसजी के इस जीत से 36 मैचों में 84 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से छह अंक आगे हो गया है। उसका लेंस की तुलना में गोल अंतर काफी बेहतर है। उसे अब सैंट एटीने के 10 खिताब के रिकॉर्ड को पार करने के लिए केवल एक अंक की जरूरत है। अभी लीग में दो दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। एम्बाप्पे ने आठवें मिनट तक ही पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया था। इन दोनों गोल को करने में लियोनेल मेसी ने उनकी मदद की। एम्बाप्पे इस सत्र में अभी तक सर्वाधिक 28 गोल कर चुके हैं और वह लियोन के स्ट्राइकर अलेक्सांद्र लोकाजेटे से दो गोल आगे हो गए हैं।



आठवें मिनट तक ही दाग दिए दो गोल

सत्र में सर्वाधिक 28 गोल

### मैनचेस्टर सिटी ने ईपीएल में बनाई खिताबी हैट्रिक

*मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने अपने घरेलू मैदान पर चेल्सी 1-0 से पराजित करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरा खिताब जीता। मैनचेस्टर सिटी का यह पिछले छह सत्र में पांचवां खिताब है और वह एक सत्र में तीन खिताब जीतने की तरफ बढ़ रहा है। उसे अभी एफए कप के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड और चैंपियंस लीग के खिताबी मुकाबले में इंटर मिलान का सामना करना है। चेल्सी के खिलाफ जीत से मैनचेस्टर सिटी का सभी प्रतियोगिताओं में अजेय अभियान 24 मैच तक पहुंच गया है।*

### इटली ने ब्राज़ील और जापान ने सेनेगल को दी शिकस्त

*ब्यूनस आयर्स। अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल में खिताब के दो प्रबल दावेदारों ब्राजील और सेनेगल को रविवार को यहां अपने शुरुआती मैचों में ही हार का सामना करना पड़ा। खिताब के प्रबल दावेदार ब्राजील को इटली ने 3-2 से हराया जबकि जापान ने सेनेगल को 1-0 से उलटफेर का शिकार बनाया। नाइजीरिया और कोलंबिया ने भी अपने मैच जीते लेकिन उनका सामना अपेक्षाकृत कमजोर टीमों से था। नाइजीरिया ने डोमिनिका गणराज्य को 2-1 से हराया जबकि कोलंबिया ने इजरायल को इसी अंतर से पराजित किया। इटली ने ग्रुप डी के इस मैच में शुरू में ब्राजील पर दबदबा बनाया और एक समय वह 3-0 की बढ़त पर था। उसकी तरफ से मेटियो प्राटी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया जबकि सेसरे कासादेई ने इसके बाद 27वें और 35वें मिनट में गोल किए। ब्राजील की तरफ से मार्कोस लिएंड्रो ने 72वें और 87वें मिनट में गोल किए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। सेनेगल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में जापान की तरफ से स्ट्राइकर कुरयू मात्सुकी ने 15वें मिनट में गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।*

# मलेशियाई मास्टर्स : आज से उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

पीवी सिंधू और एचएस प्रणय सहित भारतीय खिलाड़ी सुदीरमन कप में मिली निराशा से जल्द से जल्द उबर कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मलेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सिरे से शुरुआत करेंगे।

सुदीरमन कप में चीनी ताइपे और मलेशिया के खिलाफ भारत का कोई भी एकल खिलाड़ी जीत दर्ज नहीं कर पाया था और उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से जल्दी बाहर होना पड़ा था। भारतीय खिलाड़ी अब पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन को ध्यान में रखकर अपने खेल में सुधार करना चाहेंगे। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू मलेशियाई मास्टर्स के पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से भिड़ेंगी। प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त चोउ टियान चेन का सामना करना है। किदांबी श्रीकांत जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि सुदीरमन कप में एक भी मैच नहीं खेलने वाले लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन एयू से होगा।

### क्वालीफिकेशन दौर में भाग लेंगे कई खिलाड़ी



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी पहले दौर में बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी से भिड़ेंगे। मालविका बंसोड़, आकर्षी कश्यप, बी साई प्रणीत, मिथुन मंजूनाथ और प्रियांशु राजावत क्वालीफिकेशन दौर में भाग लेंगे।

# विश्व चैंपियनशिप : साथियान ने दर्ज की दो युगल जीत

एजेंसी ▶▶ डरबन

भारत के जी साथियान ने सोमवार को यहां क्रमशः शरत कमल और मनिका बत्रा के साथ मिलकर विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल और मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



साथियान और शरत की जोड़ी ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में हंगरी के बेंस मेजोरोस और डेनमार्क के एंडर्स लिंड की जोड़ी को सीधे गेम में 11-5, 11-4, 15-13 से हराया। साथियान ने इसके बाद मनिका के साथ मिलकर एरिक जोटी और लुकाकुमाहारा की ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद 8-11, 11-7, 11-6, 11-6 से जीत दर्ज की। शरत को हालांकि एकल वर्ग के दूसरे दौर में कोरिया के लीग सेंग सू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 56वें नंबर के खिलाड़ी शरत को 33वें नंबर के खिलाड़ी ने 11-4, 13-11, 11-8,12-10 से हराया।

### अल्माटी शॉटगन विश्व कप में तीसरे स्थान पर दर्शना

अल्माटी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और खेलो इंडिया युवा खेलों की विजेता दर्शना राठौड़ सोमवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महिला स्कीट स्पर्धा के पहले दिन क्वालीफिकेशन में 71 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही हैं। यूनान की इमानुएला केटजोराकी तीन दौर के बाद 72 के स्कोर से शीर्ष पर हैं। मंगलवार को क्वालीफिकेशन चरण के बाकी दो दौर खेले जाएंगे जिसके बाद आठ शीर्ष निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। फाइनल भी मंगलवार को ही खेला जाएगा। दर्शना भारतीय निशानेबाजों में शीर्ष पर चल रही हैं।

**स्लोवेनिया ओपन**

**समीर ने ताइवान के खिलाड़ी को 21-18, 21-14 से हराया**

# समीर वर्मा ने जीता स्वर्ण रोहन-सिक्की को रजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी समीर वर्मा ने स्लोवेनिया ओपन 2023 के फाइनल में सु ली यांग को हराकर स्वर्ण पदक जीता तो वहीं रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

स्लोवेनिया के मारिबोर में खेले गए टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में समीर ने ताइवान के खिलाड़ी को 21-18, 21-14 से हराया।





रोहन और सिक्की की जोड़ी ने सेमीफाइनल में डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुस्च की जोड़ी को 21-15, 21-19 शिकस्त दी लेकिन फाइनल में इसी देश की जेस्पर टॉफ्ट और क्लारा ग्रेवसेन की एक अन्य जोड़ी से 12-21, 13-21 से हार गए।

### भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जोशना

*चेन्नई। सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा 13 से 17 जून तक यहां होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल और 'इंडियन स्क्वाश एंड ट्रायथलॉन अकादमी' में होगा। टूर्नामेंट में नौ देश भाग लेंगे। इसमें मेजबान भारत के अलावा हांगकांग, चीन, जापान, मलेशिया, मिस्र, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और कोलंबिया शामिल है। भारत में विश्व कप का पिछला सत्र भी 2011 में चेन्नई में आयोजित किया गया था।*

## ब्रिटेन के कोवेंट्री को मिला सिख लॉर्ड मेयर

लंदन। ब्रिटेन के शहर कोवेंट्री में रहने वाले एक स्थानीय ब्रिटिश सिख काउंसलर ने इंग्लैंड के मध्य शहर का पगड़ी पहनने वाला पहला लॉर्ड मेयर बनकर इतिहास रच दिया है। जसवंत सिंह विरदी का जन्म पंजाब में हुआ था और उन्होंने बचपन में पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में कुछ समय बिताया था। 60 साल पहले वह कोवेंट्री आ गए और 16 साल तक शहर में एक स्थानीय काउंसलर के रूप में सेवाएं दी। उन्होंने हाल ही में लॉर्ड मेयर के रूप में अपना कार्यभार संभाला और उनकी पत्नी कृष्णा लॉर्ड मेयरेस बनीं। विरदी ने कहा, मैं अपने दूसरे गृह शहर का लॉर्ड मेयर बनने पर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## छात्रावास में आग से 20 छात्राओं की मौत

जॉर्जटाउन। गुयाना के एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से कम से कम 20 छात्राओं की मौत हो गई और कई अन्य जख्मी हो गईं। दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप में स्थित देश गुयाना की सरकार ने एक बयान में बताया कि माहडिया शहर के माध्यमिक स्कूल के छात्रावास में आग लगी। यह शहर राजधानी जॉर्जटाउन से करीब 320 किलोमीटर दूर है। सरकार ने बयान में कहा कि आग लगने के कारण कई छात्राओं की मौत हो गई है और कई अन्य छात्राएं घायल हुई हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि कम के कम सात छात्राओं को इलाज के लिए हवाई मार्ग से राजधानी लाया गया है।

## फिलीपींस का 100 साल पुराना डाकघर जलकर खाक

मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला में बीती रात एक ऐतिहासिक डाकघर की इमारत में भीषण आग लग गई जिससे 100 साल पुराना यह डाकघर जलकर खाक हो गया और हादसे में एक व्यक्ति मामूली रूप से झुलस गया। पुलिस और डाक अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत के भूतल में आधी रात से पहले लगी थी और सात घंटे की कड़ी मश्क्कत के बाद इस पर सोमवार को सुबह काबू पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारण और इस घटना में हुए नुकसान का पता लगाया जा रहा है। मनीला का यह केंद्रीय डाकघर राजधानी के सबसे व्यस्त कार्यालय भवनों में से एक था।

## भारतवंशी पुलिस अधिकारी वीरता पदक से सम्मानित

न्यूयॉर्क । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के भारतीय मूल के एक अधिकारी और नौ अन्य लोगों को वीरता पदक से सम्मानित किया। यह वीरता पदक सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारियों के लिए देश का सर्वोच्च पुरस्कार है। सुमित सुलान (27) को व्हाइट हाउस में बुधवार को आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया था। पुलिस के अनुसार तीन पुलिसकर्मी सुलान, जेसन रिवेरा (22) और विल्बर्ट मोरा (27) न्यूयॉर्क के हार्लेम इलाके में 911 नंबर की कॉल की जांच करने के लिए एक परेशान महिला के पास गए थे, जिसके बड़े बेटे ने महिला और अपने भाई को धमकी दी थी।

## अमेरिकी नागरिक बांग्लादेश में प्रदर्शनों से बचें : अमेरिका

ढाका। बांग्लादेश में 12वीं राष्ट्रीय संसद के चुनाव के मद्देनजर ढाका में अमेरिका के दूतावास ने बांग्लादेश में अपने नागरिकों को विरोध प्रदर्शन से सावधानी बचने की सलाह दी है। अमेरिकी दूतावास की वेबसाइट पर रविवार को 'डिमॉन्स्ट्रेशन अलर्ट' के शीर्षक से दी गई चेतावनी में बताया गया कि बांग्लादेश में जनवरी 2024 या उससे पहले राष्ट्रीय चुनाव होंगे।

## इस्राइल के हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

तेल अवीव। वेस्ट बैंक के एक शरणार्थी शिविर में सोमवार को सुबह इस्राइली सेना के हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, नाबलुस शहर के समीप बलाटा शरणार्थी शिविर में हमले के दौरान तीन लोगों की मौत हो गयी। छह अन्य लोग हमले में घायल हुए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

# मोदी के स्वागत में 20 शहरों में एकता मार्च निकालेंगे भारतवंशी

■ वाशिंगटन (भाषा)।

■ बाइडन दंपति 22 जून को राजकीय भोज पर मोदी की करेंगे मेजबानी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगले महीने अमेरिका की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के मद्देनजर भारतीय अमेरिकी 18 जून को देश के 20 प्रमुख शहरों में 'भारत एकता दिवस' मार्च के साथ उनका स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। इस मार्च के आयोजकों ने यह घोषणा की।

प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर जून में अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आएंगे। बाइडन दंपति 22 जून को राजकीय भोज पर भी मोदी की मेजबानी करेंगे। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता और 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा'-यूएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अडापा प्रसाद ने कहा, 'भारतीय अमेरिकी समुदाय मोदी की यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित है। समुदाय यहां वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय स्मारक पर 18 जून को एकत्रित हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'और वाशिंगटन स्मारक से लिंकन स्मारक तक 'भारत एकता दिवस' मार्च निकाला जाएगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया जाएगा। यह दो दिन पहले आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने रविवार को कहा कि अमेरिका के 'पूर्व से लेकर पश्चिम, उत्तर से लेकर दक्षिण तक प्रमुख शहरों से गुजरते हुए' करीब 20 स्थानों पर ऐतिहासिक स्थलों जैसे कि न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर और सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन ब्रिज पर स्वागत मार्च निकाले जाएंगे। जिन अन्य शहरों में मार्च निकाले जाएंगे उनमें बोस्टन, शिकागो, अटलांटा, मियामी, टेम्पा, डलास, ह्यूस्टन, लॉस एंजिलिस, सैक्रामेंटो, सैन फ्रांसिस्को, कोलंबस और सेंट लुइस शामिल हैं। इस राजकीय यात्रा को ऐतिहासिक कार्यक्रम बताते हुए प्रसाद ने कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय के सभी वर्ग प्रधानमंत्री का स्वागत करने तथा इसे यादगार कार्यक्रम बनाने के लिए एकजुट हो कर तैयारी कर रहे हैं। न्यूयॉर्क तथा वाशिंगटन डीसी में सभी प्रमुख स्थानों पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने की तैयारी चल रही है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई अन्य नेताओं ने भी प्रधानमंत्री की यात्रा का स्वागत किया है।

# मोदी को पापुआ न्यू गिनी और फिजी का सर्वोच्च सम्मान

■ पोर्ट मोरेस्बी (भाषा)।



■ दोनों देशों के सर्वोच्च सम्मान से किसी अन्य देश के व्यक्ति को सम्मानित किया जाना दुर्लभ बात है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पापुआ न्यू गिनी और फिजी ने सोमवार को अपने-अपने देशों के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। इन दोनों प्रशांत द्वीपीय देशों के सर्वोच्च सम्मान से किसी अन्य देश के व्यक्ति को सम्मानित किया जाना दुर्लभ बात है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 'गवर्नमेंट हाउस' में एक विशेष समारोह में पापुआ न्यू गिनी के गवर्नर-जनरल सर बॉब डाडे ने प्रधानमंत्री मोदी को 'ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु' (जीसीएल) से सम्मानित किया। इसने कहा कि यह देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है और पुरस्कार प्राप्त करने वालों को 'चीफ' का खिताब दिया जाता है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन समेत पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) से बाहर से ऐसे कुछेक ही लोग हैं, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा गया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, पापुआ न्यू गिनी द्वारा मुझे 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु' प्रदान किए जाने से मैं अभिभूत हूं। पुरस्कार प्रदान करने के लिए गवर्नर जनरल सर बॉब डाडे का आभार। इससे कुछ ही देर पहले फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी को उनके वैश्विक नेतृत्व के लिए यह सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, 'भारत के लिए एक बड़े सम्मान की बात। मोदी को फिजी के प्रधानमंत्री ने फिजी के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा।

**साझेदारी पर सहमति :** भारत एवं प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश पापुआ न्यूगिनी ने व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, कौशल विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साझीदारी मजबूत बनाने के साथ ही भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान देने पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पापुआ न्यूगिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के बीच आज यहां एक द्विपक्षीय बैठक में यह सहमति जतायी गयी। फिपिक के तीसरे शिखर सम्मेलन के इतर हुई इस मुलाकात में मोदी ने पोर्ट मोरेस्बी में गर्मजोशी से स्वागत करने और तीसरे फिपिक शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी करने के लिए प्रधानमंत्री मारपे को धन्यवाद दिया।

**पुस्तक का विमोचन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के अपने समकक्ष जेम्स मारापे के साथ सोमवार को तमिल काव्य रचना 'तिरुक्कुरल' की टोक पिसिन भाषा में अनुवादित कृति का विमोचन किया जो इस दक्षिणपश्चिमी प्रशांत द्वीपीय राष्ट्र के लोगों को भारतीय विचारों और संस्कृति को जानने समझने का मौका देगी।

# क्यों आरबीआई ने बिना पहचान पत्र के 2,000 के नोट बदलने की अनुमति दी

■ 2,000 रुपए के नोटों को बिना फॉर्म व पहचान पत्र के बदले जाने के विरोध में जनहित याचिका दायर

नई दिल्ली। हाल में चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए के नोटों को बिना जरूरी फॉर्म या पहचान पत्र के बदले जाने के विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर की गई। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में दलील दी कि इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अधिसूचनाएं मनमानी, अतार्किक हैं और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती हैं।

याचिका में कहा गया है कि बड़ी संख्या में नोट या तो लोगों के लॉकर में पहुंच गए हैं या 'अलगाववादियों, आतंकवादियों, माओवादियों, मादक पदार्थ के तस्करों, खनन माफियाओं तथा भ्रष्ट लोगों ने जमा कर रखे हैं।' इसमें कहा गया है कि अधिक मूल्य के नोट में नकद लेन-देन भ्रष्टाचार का मुख्य स्रोत है तथा इन नोटों का आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, कट्टरपंथ, जुआ, तस्करी, धन शोधन, अपहरण, वसूली, रिश्वतखोरी और दहेज आदि जैसे गैरकानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। याचिका के अनुसार यह देखते हुए आरबीआई और एसबीआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 2,000 रुपए के नोट केवल संबंधित बैंक खातों में ही जमा किए जाएं।

याचिका में कहा गया है "हाल में केंद्र ने यह घोषणा की थी कि प्रत्येक परिवार के पास आधार कार्ड तथा बैंक खाता होना चाहिए। फिर क्यों आरबीआई बिना पहचान पत्र के 2,000 के नोट बदलने की अनुमति दे रहा है। यह बताना भी जरूरी है कि गरीबी रेखा से नीचे 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त अनाज मिलता है। अतः याचिकाकर्ता आरबीआई तथा एसबीआई को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध करता है कि 2,000 रुपए के नोट केवल बैंक खातों में ही जमा कराए जाएं।" इसमें कहा गया है कि 2,000 रुपए के नोट बैंक खातों में जमा कराने से उन लोगों की आसानी से पहचान हो सकेगी, जिनके पास काला धन और आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति है।


**याचिका की खास बातें**

■ आरबीआई और एसबीआई की अधिसूचनाएं मनमानी व अतार्किक, भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती हैं

■ अधिक मूल्य के नोट में नकद लेन-देन भ्रष्टाचार का मुख्य स्रोत, 2,000 रुपए के नोट केवल संबंधित बैंक खातों में ही जमा कराने की मांग

# अमेरिकी कंपनी के चिप्स पर पाबंदी लगाई चीन ने

■ बीजिंग



■ चीन ने किया अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन पर पलटवार

अमेरिका के खिलाफ जैसे को तैसा कदम उठाते हुए चीन ने राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए देश में अमेरिका स्थित माइक्रोन टेक्नोलॉजी के चिप्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीन सरकार ने कहा कि देश की प्रमुख सूचना अवसंरचना को बिक्री के लिए माइक्रो उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, क्योंकि अमेरिका चीन स्थित तकनीकी कंपनियों पर नियंत्रण कड़ा करना जारी रखे हुए है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने प्रतिबंध का जवाब देते हुए कहा, यह उन प्रतिबंधों का दृढ़ता से विरोध करता है, जिनका वास्तव में कोई आधार नहीं है। विभाग ने एक बयान में कहा, हम अपनी स्थिति का विस्तार करने और उनकी कार्रवाई को स्पष्ट करने के लिए पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे।

अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख सहयोगियों और साझेदारों के साथ भी जुड़ेंगे कि हम चीन की कार्रवाइयों के कारण मेमोरी चिप बाजार की विकृतियों को दूर करने के लिए निकटता से समन्वयित हैं। चीनी अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर माइक्रोन के उत्पादों की जांच शुरू करने के बाद यह फैसला आया। माइक्रोन ने एक बयान में कहा कि वह चीनी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श जारी रखने के लिए उत्सुक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि माइक्रोन के खिलाफ चीन के कदम को अमेरिकी चिप कंपनी के खिलाफ प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उसने उन्नत चिप प्रौद्योगिकियों तक चीन की पहुंच को प्रतिबंधित करने के उपाय करने के लिए वाशिंगटन की पैरवी की थी। पिछले साल अक्टूबर में, जो बाइडेन प्रशासन ने चीन को उन्नत अमेरिकी अर्धचालक प्रौद्योगिकियों के निर्यात को कड़ा कर दिया, इसमें चिप बनाने के उपकरण और डिजाइन सॉफ्टवेयर शामिल थे। हाल की रिपोर्टों में दावा किया गया है कि जो बाइडेन प्रशासन चीन में अमेरिकी कंपनियों के निवेश पर नए प्रतिबंधों की घोषणा करने वाला है।

# कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण बहाल करे कांग्रेस : मदनी

मुंबई (भाषा)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक की नव-निर्वाचित कांग्रेस सरकार को आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित मुसलमानों का आरक्षण बहाल करना चाहिए, जिसे बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा की पिछली सरकार ने खत्म कर दिया था।

कर्नाटक की पिछली भाजपा सरकार ने इस साल मार्च में मुसलमानों का चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया था। सरकार के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। मदनी ने यहां आजाद मैदान में जमीयत उलमा-ए-हिंद की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन कहा, 'कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के कड़े रुख और बजरंग दल व ऐसे ही अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का वादा सराहनीय है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर मुसलमानों को दिए गए आरक्षण को बहाल करे।' कर्नाटक चुनाव के परिणाम बताते हैं कि राज्य के लोगों ने नफरत के एजेंडे को खारिज कर दिया है।

## बजरंग दल पर प्रतिबंध की मांग पर भड़के गिरिराज

पटना (भाषा)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस शासित कर्नाटक में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सोमवार को मशहूर मुस्लिम विद्वान मौलाना अरशद मदनी पर निशाना साधा। सिंह ने मदनी की उस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें मुस्लिम विद्वान ने कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे का समर्थन किया था और कहा था कि यह एक ऐसा कदम है जिसे आदर्श रूप से 70 साल पहले उठाया जाना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, '70 साल पहले अगर हमारे पूर्वजों से भूल नहीं हुई होती और देश के बंटवारे के समय पूरा मुस्लिम समुदाय पाकिस्तान चला गया होता तो आज भारत में न कोई जाकिर मियां, न असदुद्दीन ओवैसी (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष) और न ही मदनी पैदा लेता। न ही कोई भारत में 'गजवा ए हिंद' की बात करता।'

# यूक्रेनी परमाणु संयंत्र में विद्युत आपूर्ति फिर से बाधित

■ कीव (एपी)।

■ आपातकालीन डीजल जनरेटर का करना पड़ा इस्तेमाल

परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल पर नजर रखने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि यूक्रेन के जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बाह्य विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के बाद सोमवार को फिर से आपातकालीन डीजल जनरेटर का इस्तेमाल करना पड़ा।

यह संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा स्टेशन है। यूक्रेन पर रूस के हमला करने के बाद से इस संयंत्र में सातवीं बार बाह्य विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने ट्वीट किया, 'संयंत्र में परमाणु सुरक्षा की स्थिति बहुत कमजोर है।' ग्रोसी ने यूक्रेनी और रूसी बलों के बीच जारी लड़ाई से इस क्षेत्र को दूर रखने की फिर से अपील करते हुए कहा, 'हमें संयंत्र की रक्षा करने पर सहमत होना चाहिए और यह स्थिति बरकरार नहीं रखी जा सकती।'

संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर को गोलाबारी या रॉकेट हमले के प्रभाव से बचाने के लिए अवरोधक लगाए गए हैं, लेकिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने से रिएक्टर की सुरक्षा के लिए आवश्यक शीतलन प्रणाली ठप पड़ सकती है। आपातकालीन डीजल जनरेटर भरोसेमंद नहीं है। संयंत्र के पास जारी लड़ाई और विशेषकर तोपों के इस्तेमाल ने 1986 में हुई चेर्नोबिल जैसी आपदा की आशंका पैदा कर दी है। उस समय एक रिएक्टर के फट जाने से एक बड़े इलाके में तबाही मच गई थी। यह दुनिया का सबसे भयंकर परमाणु हादसा था।

यूक्रेन की सरकारी परमाणु कंपनी एनेरगोएटम ने कीव से करीब 500 किलोमीटर दूर और रूस के कब्जे वाले दक्षिणी यूक्रेन में संयंत्र तक जाने वाली आखिरी हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइन में गड़बड़ी के लिए रूसी गोलाबारी को दोषी ठहराया।

# धनखड़ का सांसदों-विधायकों से 'रिमोट कंट्रोल को निष्प्रभावी बनाने' का आह्वान

■ तिरुवनंतपरम (भाषा)।



■ कहा, क्या हम राजनीतिक रणनीति के रूप में सदन में व्यवधान को हथियार बना सकते हैं

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद और विधान सभाओं में 'राजनीतिक रणनीति के तौर पर व्यवधान को हथियार बनाने' की बढ़ती प्रवृत्ति पर सोमवार को चिंता जताते हुए सांसदों एवं विधायकों से लोकतंत्र के मंदिरों में अपना अधिकतम योगदान देने के लिए 'अपने रिमोट कंट्रोल को निष्प्रभावी बनाने' का आह्वान किया।

राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि संसद और विधान सभाओं में राजनीतिक रणनीति के तौर पर व्यवधान को 'हथियार' बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर आम लोगों में व्यापक दुख और पीड़ा है। धनखड़ ने यहां केरल विधानसभा भवन 'नियमसभा' के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा, 'मैं आपके बीच एक विचार रखता हूं -विशेष रूप से विधानमंडल में, क्या हम राजनीतिक रणनीति के रूप में सदन में व्यवधान को हथियार बना सकते हैं।' उन्होंने कहा कि लोग सवाल कर रहे हैं कि संसद और विधायिकाएं क्यों बहस और चर्चा नहीं कर रही हैं और 'हम व्यवधान के लिए क्यों करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं?' धनखड़ ने कहा, "मैं राज्यसभा की अध्यक्षता करता हूं। राज्यसभा के सभी सदस्य काफी प्रतिभाशाली हैं। वे काफी अनुभव लेकर सदन में आते हैं। उन्हें अपने रिमोट कंट्रोल को निष्प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि वे राज्यसभा में, संसद में, विधायिका में अधिकतम योगदान दे सकें।'

उपराष्ट्रपति ने विधानसभा अध्यक्षों और सदनों के नेताओं से राष्ट्रीय सहमति बनाने का आग्रह किया कि लोकतंत्र के मंदिरों का उपयोग विचार-विमर्श, बहस, संवाद और चर्चा के लिए किया जाएगा। धनखड ने कहा, 'मुझ पर भरोसा कीजिए, अगर लोकतंत्र के ये मंदिर अपना काम नहीं करेंगे तो लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हो जाएगा।

# लोकतंत्र के मूल्यों को बढ़ावा देना राहुल की अमेरिकी यात्रा का मकसद : पित्रोदा

■ वाशिंगटन (भाषा)।

■ सैन फ्रांसिस्को, वाशिंगटन और न्यूयॉर्क भी जाएंगे राहुल

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि जून में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमेरिका की यात्रा का मकसद 'वास्तविक लोकतंत्र' के साझा मूल्यों को बढ़ावा देना है।

राहुल का इस यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत करने तथा एक बैठक को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने रविवार को बताया कि राहुल का सैन फ्रांसिस्को, वाशिंगटन और न्यूयॉर्क जाने का कार्यक्रम है, जहां वह भारतीय अमेरिकियों की दो बैठकों को संबोधित कर सकते हैं, संसद भवन में सांसदों और थिंक टैंक के सदस्यों से मुलाकात कर सकते हैं साथ ही विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत कर सकते हैं। इन कार्यक्रमों को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस आयोजित कर रहा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की अमेरिकी यात्रा के मकसद तथा एजेंडा के बारे में ब्योरा देते हुए पित्रोदा ने कहा, 'हम यहां शिकायत करने के लिए नहीं हैं। हम यहां यह साझा करने के लिए हैं कि भारत में क्या चल रहा है। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम लोगों को जमीनी हकीकत के बारे में बताएं।' उन्होंने शिकागो में कांग्रेस समर्थकों के एक समूह से कहा, हम किसी से आने और मदद करने के लिए नहीं कह रहे। हम समस्याओं से निपट सकते हैं। हम आपके साथ साझा करना चाहते हैं कि किस चीज की जरूरत है। पित्रोदा कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस को मिली जीत की खुशी में आयोजित एक कार्यक्रम को शिकागो में संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन समुदाय के नेता इफ्तिकार शेरिफ और 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए' ने किया था। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा, राहुल गांधी की यात्रा का मकसद संपर्क बनाना, बातचीत तथा विभिन्न लोगों, संस्थाओं तथा मीडिया के साथ वार्ता करना है।

## 'गलत रास्ता' चुनना लोस चुनाव में भारत के लिए भयावह होगा



वाशिंगटन (भाषा)। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को भारत के लिए मील का पत्थर करार देते हुए कहा है कि 2024 में अगर 'गलत रास्ता' चुन लिया गया तो यह देश के लिए भयावह होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगले 12 महीनों तक भारतीय-अमेरिकी लोगों को मेहनत करनी होगी और बोलने का साहस दिखाना होगा। पित्रोदा कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के उपलक्ष्य में शिकागो में इस सप्ताह जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए भारतीय-अमेरिकी लोगों के एक समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमें लंबा सफर तय करना है। कम से कम अगले 12 महीनों तक खाली मत बैठिए। आपको कड़ी मेहनत करनी है।

# इससे बेहतर गुरु दक्षिणा नहीं हो सकती

■ कन्नूर (केरल) (भाषा)।

**स्कूल शिक्षिका ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से कहा**



केरल में अपनी स्कूल शिक्षिका से मिलकर उनके पैर छूते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

केरल के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्य के इस उत्तरी जिले के पन्नियानूर ग्राम पंचायत क्षेत्र में रहने वाली अपनी एक स्कूल अध्यापिका से मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपराष्ट्रपति अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ अपनी अध्यापिका रत्ना नायर से मिले, जो इतने वर्षों के बाद अपने छात्र को देखकर बहुत खुश हुईं।

अधिकारियों के अनुसार शिक्षिका ने उपराष्ट्रपति से कहा, 'इससे बेहतर गुरु दक्षिणा नहीं हो सकती।' उन्होंने कहा कि अध्यापिका व उनके परिवार ने उपराष्ट्रपति का नारियल पानी से स्वागत किया और उन्हें एवं उनकी पत्नी को घर में बनी इडली व केले के चिप्स परोसे। हालांकि नायर के कई छात्र उच्च पदों पर हैं, जिनमें से ज्यादातर सशस्त्र बलों और पुलिस में हैं, लेकिन यह पहली बार है कि उनमें से एक देश के दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर है और अध्यापिका को अपने 'जगदीप' पर गर्व है। उन्होंने धनखड़ को 'खाकी में एक युवा लड़के, पहली पंक्ति में बैठने वाले, पूरी तरह से कक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाले' छात्र के रूप में याद किया। नायर ने कहा, "वह एक बहुत ही सक्रिय, अनुशासित और आज्ञाकारी लड़का था, जिसने कक्षा के अंदर और बाहर सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वह अच्छा वाद-विवाद करने वाला, एक अच्छा खिलाड़ी और पढ़ने में भी अच्छा था।" पुराने दिनों को याद करते हुए जब धनखड़ सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ बोर्डिंग स्कूल में उनके छात्र थे, अध्यापिका ने कहा कि छात्र साल में लगभग नौ महीने अपने शिक्षकों के साथ बिताते हैं, वे उनके साथ लंबे समय तक चलने वाला बंधन विकसित करते हैं। अध्यापिका ने कहा, "अभिभावक बीच-बीच में स्कूल आते रहते थे। मुझे याद है कि जगदीप के पिता इन बैठकों में बहुत नियमित रूप से शामिल होते थे।

# धर्मान्तरण एवं लव जिहाद के तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

प्रखर मिजार्पुर। थाना को0 देहात पर दिनांकः 17.05.2023 को एक व्यक्ति द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि वादी की पत्नी मायके से अप्रैल माह में किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ कहीं चली गयी थी, जो किसी तरह से वापस अपने घर मीरजापुर आ गयी। पत्नी के आने के उपरान्त वादी के मोबाइल पर एक व्यक्ति द्वारा कॉल करके जान से मारने की धमकी देते हुए वादी की पत्नी की अश्लील फोटो, वीडियो व ऑडियो व्हाट्सएप पर भेजकर वॉयरल करने, धर्मांन्तरण करने तथा उसकी पत्नी को पुनः उठा ले जाने की धमकी दी गयी। सम्पूर्ण बात की जानकारी होने पर पीड़िता के पति के द्वारा थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-90/2023 धारा 366, 420,342,376डी, 506, 34 भादवि व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश व 66ई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम पंजीकृत कराया गया, जिसपर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त धर्मांन्तरण एवं लव जिहाद सम्बन्धित मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस



अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में स्वाट/सर्विलांस, एसओजी व थाना को0देहात की टीमें गठित की गयीं। गठित पुलिस टीमों द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं भौतिक साक्ष्यों का संकलन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए लव जिहाद की उपरोक्त घटना सम्मिलित 3 अभियुक्तों 1.आरिफ पुत्र तौफीक खां, 2.इमरोज खां पुत्र तौफीक खां व 3.सहाबुद्दीन पुत्र मंसूर अहमद निवासीगण हसनपुर टैनी थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर को थाना को0देहात क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त आरिफ के कब्जे से एक अदद मोबाइल मय दो अदद सिम कार्ड(पीड़िता के अश्लिल फोटो, वीडियो व ऑडियो से सम्बन्धित घटना में प्रयुक्त) तथा एक अदद पिट्ठू बैग में रखा हुआ काले रंग का बुर्का मय नकाब बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने वार्ता करते हुए बताया कि दिनांकः04.04.2023 को एक व्यक्ति द्वारा वादी को कॉल करके अपना नाम अभय मिश्रा बताते हुए बताया गया कि वादी की पत्नी उसके साथ अंबाला चली आयी है। कुछ दिनों बाद पत्नी द्वारा अपने पति (वादी) को कॉल करके बताया गया कि उसके साथ साजिश की गयी है । काम दिलाने के बहाने जो व्यक्ति उसे अंबाला ले गया था उसका नाम अभय मिश्रा न होकर आरिफ खान है तथा उसे एक घर में बंधक बनाकर रखा गया है और आये दिन आरिफ व उसके अन्य साथी मिलकर उसके साथ दुष्कर्म करते हैं तथा गुलामों की भांति उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

धर्म परिवर्तन कराकर जबरदस्ती कलमा पढ़ाते है और बुर्का धारण करने को मजबूर करते है तथा डरा धमका कर रखते है और जान से मार डालने की धमकी भी देते है । आरिफ द्वारा उसे अपने गांव जनपद सुल्तानपुर भी लाया गया था तथा उसके साथ परिवार के अन्य सदस्यों की भी आपराधिक कृत्य में सहभागिता रही । पति द्वारा पत्नी (पीड़िता) को मौका देखकर वहां से भागने को कहा गया तो पीड़िता किसी तरह से अंबाला से भागकर घर मीरजापुर आयी। पत्नी के आने के उपरान्त वादी के मोबाइल पर आरिफ उपरोक्त द्वारा कॉल करके वादी को पत्नी को पुनः उसके पास वापस भेजने अन्यथा जान से मारने की धमकी देते हुए वादी की पत्नी की अश्लील फोटो, वीडियो व ऑडियो व्हाट्सएप पर भेजकर वॉयरल करने तथा उसकी पत्नी को पुनः उठा ले जाने की धमकी दी जा रही थी । घटना के बावत पीड़िता के पति की तहरीर के आधार पर थाना को0 देहात पर मु0अ0सं0-90/2023 धारा 366,420, 342,376 डी, 506,34 भादवि व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश व 66ई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम पंजीकृत विवेचनात्म कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त धर्मांन्तरण एवं लव जिहाद सम्बन्धित मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में स्वाट/सर्विलांस, एसओजी व थाना को0देहात की टीमें गठित की गयीं तथा त्वरित कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये । गठित पुलिस टीमों द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं भौतिक साक्ष्यों का संकलन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए धर्मांन्तरण एवं लव जिहाद की उपरोक्त घटना से सम्बन्धित तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

## पत्रकार को धारदार हथियार से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

प्रखर मिजार्पुर। थाना विन्ध्याचल पर दिनांकः 18.05.2023 को सुरज कुमार उपाध्याय पुत्र राजा राम उपाध्याय निवासी ग्राम छोटकी महुआरी थाना विन्ध्याचल पत्रकार विन्ध्याचल द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध एक राय होकर धारदार हथियार से मार कर गंभीर रूप से घायल करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-71/2023 धारा 147,324 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पत्रकारों के साथ घटित उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए यथाशीघ्र घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल को



निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांकः 23.05.2023 को साक्ष्य संकलन एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल मय पुलिस टीम द्वारा थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 1.पीयूष कसेरा पुत्र नवल कसेरा निवासी छोटी माता बसनही बाजार थाना को0 शहर, 2. अनुमन सिंह पुत्र आशीष सिंह निवासी पक्के पोखरा थाना को0देहात, 3. संदीप शर्मा उर्फ बौना पुत्र कल्लू शर्मा निवासी वासलीगंज थाना को0शहर को गिरफ्तार किया गया। थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उक्त अभियोग में गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

## भदोही में 112 अपात्र लाभार्थियों को बांट दिया गया प्रधानमंत्री शहरी आवास

### अपात्रों लोगों की सूची संबंधित निकायों के सूचना पट्ट पर की गयी चस्पा

### जांच के बाद अपात्र लाभार्थियों ने नहीं दर्ज कराई आपत्ति, फिर हुआ आवंटन निरस्त

प्रखर भदोही। गरीबों के लिए सिर पर छत एक सपना होता है। लेकिन उत्तर के भदोही जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का हाल बेहद बुरा है। नगरों में जरूरतमंद लोगों को आवास आवंटित करने के बजाय 112 अपात्र लोगों को आवास बांट दिया गया। लेकिन जांच में सभी चयनित लाभार्थी अपात्र पाए गए। परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि नगर पालिका परिषद भदोही, गोपीगंज एवं नगर पंचायत सुरियावां, घोसियां, ज्ञानपुर, नईबाजार, खमरिया नगरों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण नया एवं विस्तार के कर्टेलमेंट स्वीकृति में 112 लोग आवास का लाभ पाने लायक नहीं पाए गए। जांच में सभी का चयन निरस्त कर दिया गया है। परियोजना अधिकारी डूडा के अनुसार नगर




पालिका परिषद भदोही में 48, नगर पालिका परिषद गोपीगंज में 08 एवं नगर पंचायत सुरियावां में 08 नगर पंचायत, ज्ञानपुर में 04 नगर पंचायत नईबाजार में 03 नगर पंचायत घोसियां में 05 जबकि नगर पंचायत खमरिया में 39 लाभार्थियों की सूची को जांच के बाद निरस्त कर दिया है। अपात्रों की सूची संबंधित नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सूचनापट्ट पर चस्पा करा दी गयी है। सवाल यह भी उठता है कि अपात्रों को आवास कैसे आवंटित कर दिए गए। ऐसे अफसर गैर पात्रों को आवास क्यों आवंटित किया। फिर अगर मानक के अनुरूप आवास आवंटित किया गया तो उन्हें निरस्त कैसे किया गया।परियोजना अधिकारी डूडा के अनुसार अपात्रों की सूची चस्पा होने के बाद किसी भी लाभार्थी की तरफ से खुद के पात्र होने का दावा नहीं किया गया। इसलिए उन्हें आपात्र मानते हुये आवास निरस्त कर दिए गए।

## साहित्य सृजन के माध्यम से हिन्दी को जन-जन तक पहुंचायें साहित्यकार-वक्ता

प्रखर जखनियां गाजीपुर। अखिल भारतीय हिन्दी महासभा काशी प्रान्त की विशेष संगोष्ठी रविवार को मनिहारी क्षेत्र के छपरी गांव में सम्पन्न हुई। काशी प्रांत के मीडिया प्रभारी डा० अरविंद कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न संगोष्ठी के मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा०विजयानन्द जी रहे। संगोष्ठी में वक्ताओं ने हिन्दी के उत्थान पर चर्चा करते हुए उसे जन जन की भाषा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभाषा हिन्दी को मूर्त रुप में लागू करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि विश्व के अनेक देशों में बोली जाने वाली हिंदी आज अपने ही देश में उपेक्षित है और उसे वह आदर और सम्मान प्राप्त नहीं हुआ जो उसे मिलना चाहिए। उन्होंने हिंदी साहित्यकारों से अपेक्षा की कि वे अपने साहित्य सृजन के माध्यम से हिन्दी को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1963 का राजभाषा अधिनियम रोजमर्रा की, बोलचाल व संप्रेषण की संपर्क हिंदी को राजभाषा का दर्जा देता है। हमें हिन्दी की प्रगति के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि हिंदी के नाम पर क्लिष्ट हिंदी का प्रयोग न हो, बल्कि भाषा सौम्य व सरल हो। भाषा में जितना प्रवाह होगा, वह लोगों की जुबान तक उतनी ही जल्दी पहुंचेगी। हिन्दी रोजमर्रा के जितनी करीब होगी, लोगों का उसकी ओर आकर्षण उतना ही ज्यादा होगा और वह उतनी ही जल्दी अपनाई जाएगी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. विजयानन्द ने अखिल भारतीय हिन्दी महासभा के क्रियाकलापों पर व्यापक चर्चा करते हुए कहा कि महासभा पूरे राष्ट्र में हिन्दी के उत्थान में लगी हुई है। संगोष्ठी में प्रमुख वक्ताओं में गौरी शंकर पाण्डेय सरस, ज्ञानवन्ती राय, डा. प्रतिभा सिंह, पूजा राय (शिक्षिका एवं कवियित्री), प्रकाश गुप्ता, प्रवीण तिवारी, आदि।

## शादी समारोह में नर्तकी के सामने हर्ष फायरिंग करना युवक को पड़ा महंगा

प्रखर मिजार्पुर। जिगना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नेगुराबान सिंह में शादी समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा में नर्तकी एवं दर्शकदीर्घा में फायरिंग का एक वीडियों वायरल हुआ था। जिसमें पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र घटना के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना जिगना को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 22.05.2023 को उ0नि0 जयजय राम की तहरीर पर थाना जिगना पर अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0-59/2023 धारा 352,307 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। आज दिनांक 23.05..2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना जिगना अरविन्द कुमार पाण्डेय मय पुलिस बल द्वारा साक्ष्य संकलन व मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से प्रकाश में आये अभियुक्त आशीष कुमार बिन्द पुत्र जयराम बिन्द निवासी नेगुराबान सिंह थाना जिगना को गिरफ्तार किया गया।

# पुल निर्माण पुरा करने की मांग को लेकर अन्नदाता मंच का प्रदर्शन

प्रखर मिजार्पुर। जनपद के ब्लॉक मुख्यालय जमालपुर में २४ जून २०२१ को उस समय के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या के कर कमलों द्वारा शिलान्यास किये गये पुल का




निर्माण अभी तक पुरा नही हो सका है। विकास खण्ड जमालपुर के आधे हिस्से को ओड़ी-जमालपुर से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले मुर्दहवा नाले पर पिछले दो साल से बन रहें पुल के निर्माण का कार्य अभी तक गुणवत्ता विहीन एवं आधा-अधुरा पड़ा हुआ है ।पुल का निर्माण कार्य समय से पुरा नहीं होने के चलते पिछले दो साल से यहां के आस-पास के लोग अपने बड़े वाहनों के लिए सिर्फ पांच सौ मीटर आने-जाने के लिए लगभग पांच किलोमीटर का चक्कर लगा रहे हैं। संबंधित अधिकारियों से बार-बार कहने के बाद भी निमार्णाधीन पुल के बगल से आने-जाने के लिए अस्थायी मार्ग का निर्माण किया गया, लेकिन वह भी इतना जर्जर है कि आये दिन इस पर दुर्घटनाएं होती रहती है, जिसके चलते अक्सर यह रास्ता बंद ही रहता है ।इस पुल के निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय लोगों द्वारा धरना-प्रदर्शन भी किया जा चुका है लेकिन कार्य में कभी भी तेजी नहीं लाया गया ।आज स्थिति यह कि यह मार्ग बरसात होते ही कभी भी पुर्ण रुप से बंद हो सकता है ।शासन की उदासीनता कहें या कार्यदाई संस्था की लापरवाही या ठीकेदार की मनमानी कभी भी इस पुल के निर्माण को गंभीरता से नहीं लिया गया ।मजबूरन इस पुल के निर्माण को बरसात से पहले पूरा करने की मांग को लेकर अन्न दाता मंच के नेतृत्व में स्थानीय लोगों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया ।प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित मनोज सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, अरुण सिंह, बच्चा लाल यादव, विनोद सिंह, ओमप्रकाश, नितीश पटेल, अभिषेक पटेल, महानंद बियार, लालजी बियार, सेखर, सुराज सिंह,राजन गुप्ता, अमीत सिंह, शशि सिंह, रहमान, राहुल आदि लोग मौजूद रहे।

# सखी वन स्टॉप सेंटर का अभियान, एक ही छत के नीचे महिला समस्या का पूरा समाधान

प्रखर दानगंज वाराणसी। महिला चेतना समिति चोलापुर के नेतृव में व लोक चेतना समिति चिरईगांव के सहयोग से महिला हिंसा,घरेलू महिला हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने व महिलाओं को इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के जानकारी हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर पर चोलापुर ब्लॉक के सक्रिय महिलाओ व किशोरियों का भ्रमण करवाया गया। जहा सेंटर के पदाधिकारियों द्वारा महिलाओ को सेंटर के कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम की शुरूआत लोक चेतना समिति की जिला समन्वयक पूनम जी द्वारा आए हुए महिलाओ ,किशोरियों व सखी वन स्टॉप सेंटर की पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा ,कि आज हम सब महिलाए अपने अधिकार को कैसे पा सकते है। व सेंटर से हम किस प्रकार सहयोग ले सकते है ।तत्पश्चात




सखी वन स्टाफ सेन्टर की प्रबन्धक रश्मि जी द्वारा वन स्टाफ सेन्टर की पांच मूल सुविधाओं के बारे में बताया गया रिपोटिंग चौकी, केश परामर्श, आश्रय चिकित्सा सुविधा विधिक सुविधा प्रदान की जाती है तत्पश्चात सोशल काउंसलर प्रियंका जी के द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं द्वारा बहुत सारे सवाल किया गया उसके समाधान हेतु सहयोग का का भी आश्वासन दिया गया महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर का 8 मार्च 2016 को उद्घाटन किया गया। यहां पर एक ही छत के नीचे महिलाओ की समस्या का समाधान किया जाता है। यहां पर दोनो पक्ष को बुलाकर काउंसलिंग की जाती है और समस्या के समाधान का प्रयास किया जाता है और महिलाओ को यहां पर 5 दिन के रुकने की भी व्यवस्था है। और कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण देकर उनका प्लेसमेंट भी कराया जाता है और महिला के पक्ष में ही काम किया जाता है आप चाहेगी कि समझौता हो तो समझौता करवाया जायेगा और आप यदि कार्यवाही के लिए कहेंगी तो कानूनी कार्यवाही भी ऑनलाइन की जाती है ।सेंटर पर जो भी केस देखे जाते है उसे गोपनीय रखा जाता है। महिलाओ को 181हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कार्यक्रम में बबियाव, परानापटटी, भदवा, मोहनी डीह , टिसौरा, परानापुर ,ताड़ी , धरसौना, सरस्वति ,कुसुम लता , नूरजहां ,सुमन ,आइशा, वन्दना,संजू ,रीता ,समेत 32 महिलाओ,वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि दुबे, प्रियंका तिवारी, खुशबु, लोक चेतना समिति से पूनम, सुबेदार ,सीमा ,वंदना, फातिमा की भागीदारी रही।

## नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक धर्मेंद्र सोती ने फिर विश्व ट्रांसप्लांट गेम्स (बैडमिंटन स्पर्धा) में जीता स्वर्ण पदक

प्रखर लखनऊ। हौसला बुलंद हो तो कोई भी मंजिल पाई जा सकती हैं ऐसा ही कुछ कर दिखाया सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स के धर्मेंद्र सोती ने नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक धर्मेंद्र सोती ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में वह काम कर दिखाया जिससे न सिर्फ न सिर्फ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ऑफ कंट्रोल कार नाम रोशन हुआ, बल्कि पूरे भारत का नाम भी रोशन हुआ। दरअसल ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में विश्व ट्रांसप्लांट गेम्स के तहत बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर धर्मेंद्र सोती पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया। उन्होंने 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के एकल फाइनल में थाईलैंड के ननाथो पोले को लगातार तीन सेटों में हराकर भारत का झंडा ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में गाड़ दिया। धर्मेंद्र सोते ऐसे इंसान हैं, जिनकी दोनों किडनी खराब हो गई थी और 2001 में उनके छोटे भाई ने अपनी एक किडनी दान दी तब वह धीरे-धीरे वापस बैडमिंटन कोर्ट पर लौटे और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2013 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ, विश्व ट्रांसप्लांट गेम्स में हिस्सा लेने गए थे। वहां पर भी वह रजत रजत पदक जीत कर लौटे थे। इसके बाद 2015 में भी विश्व ट्रांसप्लांट




गेम्स में उन्होंने कमाल का प्रदर्शन करते हुए, एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता था। उनकी इस जीत पर उनके टीम के केके श्रीवास्तव सहित अन्य सहयोगियों एवं कर्मचारियों ने बधाइयां दी हैं। उनके शानदार अद्भुत प्रदर्शन से पूरा देश गौरवान्वित है ।

## संक्षिप्त खबरें

### पाठक हौंडा पर हुई साइन 100CC की लॉन्चिंग



पाठक हौंडा शोरूम पर शाइन 100cc की धमाकेदार लॉन्चिंग की गयी। जिसमे मुख्यातिथि रहे - रीजनल मैनेजर (शशांक राजदान) , जोनल मैनेजर चन्दन कुमार) एवं एरिया सेल्स मैनेजर (आकाश तिवारी) जिन्होंने बताया की शाइन 100 में एक नहीं अनेक खूबियां है। उसके साथ ही पाठक हौंडा के ओनर श्री भास्कर पाठक, दिवाकर पाठक , रिशु पाठक , रितुल पाठक ० सूरज पाठक द्वारा शाइन 100cc की विशेताएं बताई गयी व आये हुए ग्राहकों का साथ ही स्वागत किया। एक दिन में रिकॉर्ड शाइन 100cc की 100 बुकिंग कराई गयी। साथ ही सभी आये हुए सभी ग्राहकों पाठक हौंडा समस्त कर्मचारियों के द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

### फर्जी सिम के द्वारा ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



प्रखर जौनपुर। लाइन बाजार पुलिस ने फर्जी सिम के द्वारा ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। थाना लाइनबाजार पुलिस द्वारा 22 मई को एक नामजद अभियुक्त विपुल सिंह, शिवम पुत्र जिलेदार सिंह निवासी भुसौड़ी अरसिया बाजार थाना सरपतहां उम्र 29 वर्ष, अभय पटेल पुत्र अच्छेलाल पटेल निवासी जगदीशपट्टी थाना लाइनबाजार को मातापुर क्रासिंग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को न्यायालय दिया गया है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अंतर्गत गांव-गांव किया गया सत्यापन



प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत गांव गांव जाकर विभागीय लोगों द्वारा सत्यापन किया गया इसी क्रम में कोहड़ौरा गांव में केम्प किया गया ।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय संतृप्ति करण अभियान ग्राम पंचायत कोहड़ौरा विकास खण्ड मुहम्मदपुर मे किया गया जिसमें सीएससी के माध्यम से व विभागीय है लोगों के सहयोग से गांव के किसानों को मिलने वाली किसान सम्मान निधि कुछ लोगों का उनके खाते में नहीं आ रहा था जिनकी ई केवाईसी की गई कुछ लोगों के वरासत संबंधित समस्याएं थी जिसका निस्तारण करने का प्रयास किया गया ऐसे लोग जो मृतक हो चुके हैं उनके खातों में धनराशि आ रही थी जिसके संबंध में परिजनों को अवगत कराया गया और बताया गया कि उससे संबंधित दस्तावेज को लेकर के मिले जिससे कि मृत्यु के पश्चात आने वाले धनराशि की रिकवरी करवाई जा सके सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रुप से ग्राम प्रधान प्रभावती देवी ,अमित कुमार, सुरेश कुमार गौतम टी ए सी(कृषि विभाग) सुबास सिंह (राजस्व विभाग) मनीष कुमार यादव (पंचायत विभाग) ,गुलाब चंद्र शर्मा, मंगेश सिंह, प्रेमा, बाल गोविंद, तौफीक अहमद, तौहीद अहमद परिस्थित रहे।

### बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ चलाया गया विशेष रेस्क्यू अभियान



प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के आदेश के क्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के निर्देशन में बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड लाईन, के सयुक्त तवाधान में रोडवेज बस स्टैण्ड से लेकर मीरजापुर रेलवे स्टेशन तक बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया। भ्रमण के दौरान टीम द्वारा आमजनों को बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान की टीम में बाल कल्याण समिति सदस्य रेनू पाण्डेय, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी बाबू लाल कनौजियाँ व पंकज शर्मा, नगीना सिंह सामाजिक कार्यकत्री व आशीष कुमार पाण्डेय काउन्सलर, एस0जे0पी0यू0 प्रभारी श्री संतोष कुमार यादव व टीम, श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र कुमार सिंह व श्री निमेष कुमार पाण्डेय व चाईल्ड लाईन से शैलेन्द्र सिंह व टीम मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं